आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

यश भारत

● वर्ष- 16 अंक 353 ● कटनी ● शनिवार, 28 जनवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ शुक्ल पक्ष 7 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

आज नर्मदा जयंती

यरुशलम के पूजा स्थल पर आतंकी हमला; फायरिंग में 8 की मौत, हमलावर मारा गया

नई दिल्ली, एजेंसी। यरुशलम के बाहरी इलाके नेवे याकोव में शुक्रवार को अंधाधुंध फायरिंग की गई। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, फायरिंग एक पूजा स्थल के पास हुई। पुलिस ने इसे आतंकी हमला बताया है। इजरायल के विदेश मंत्रालय की तरफ से हमले की जानकारी दी गई है।

मुरैना के जंगल में सुखोई - मिराज

दुर्घटना ग्रस्त, एक की मौत, दो घायल

मुरैना. यशभारत। मुरैना के पहाड़गढ़ से करीब पांच किमी दूरी निरार रोड पर मड़वाली माता के पास सुखोई 30 और मिराज फाइटर प्लेन क्रेश हो गए। इस घटना में एक की मौत और दो के घायल होने की जानकारी मिल रही है। दो पायलेट पैराशूट से उतरे। ह घटनाक्रम के मुताबिक पहाड़गढ़ क्षेत्र के लोगों को जंगल में तेज आवाज सुनाई दी। जब वे मौके पर पहुंचे तो वहां पर एक विमान क्रेश हुआ था और उसमें आग लगी हुई थी। घटना की आधिकारी सूचना इंटरनेट मीडिया पर दी गई है। लेकिन अधिक जानकारी नहीं दी गई है। घटनाक्रम के मुताबिक सुबह पहाड़गढ़ क्षेत्र के लोगों को जंगल में तेज आवाज के साथ धमाका सुनाई दिया। जब लोग मौके पर पहुंचे तो फाइटर प्लेनो में आग लगी हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही मौके के लिए पुलिस व प्रशासन के अफसर पहुंच रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पहाड़गढ़ क्षेत्र में पहले भी दो मिराज फाइटर प्लेन क्रेश हो चुके हैं। बताया जाता है कि सुखोई और मिराज के बीच भिड़ंत हुई। इसके बाद एक विमान से दो पायलेट पैराशूट से उतरते हुए लोगों को दिखाई दिए। साथ ही एक के बाडी पार्ट मौके पर बिखरे हुए भी दिखे। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी है। वायुसेना और जिला प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंच गए हैं।

आसमान में ही आग लग गई थी

ग्रामीणों के मुताबिक, प्लेन में आसमान में ही आग लग गई थी और देखते ही देखते जलता हुआ फाइटर जेट गिर गया। घटनास्थल के नजदीक ही रेलवे स्टेशन भी है। बताया जा रहा है कि फाइटर जेट ने आगरा से उड़ान भरी थी।

जल रहे थे फाइटर प्लेन

भिड़ंत के दौरान दोनों फाइटर प्लेन में आग लग गई। जब जंगल में गिरे तो फाइटर प्लेन के पार्ट्स में आग लगी हुई थी। घटना के बाद आसपास क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गए। हालांकि मोके पर पहुंचे सुरक्षा अधिकारी उन्हें पास नहीं जाने दे रहे थे।

तेज आवाज से दहल गया जंगल क्षेत्र

दोनो विमानों के टकराने व जमीन पर गिरने के दौरान तेज धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि आसपास जंगल क्षेत्र के गांव दहल गए।

राजस्थान के भरतपुर में चार्टर्ड विमान दुर्घटनाग्रस्त

वीडियो वायरल, पुष्टि नहीं

राजस्थान के भरतपुर में सेना का चार्टर्ड विमान क्रैश हो गया है। हालांकि अब तक इसी पुष्टि नहीं हो सकी है कि यह सेना का विमान था या नहीं। जिला कलेक्टर आलोक रंजन के मुताबिक, भरतपुर में एक चार्टर्ड विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस और प्रशासन को मौके पर भेजा गया है। समाचार एजेंसी के मुताबिक, जेट का मलबा देखा गया है। रक्षा सूत्रों ने पुष्टि की कि भारतीय वायुसेना के जेट आसपास के क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं। इसलिए अधिक विवरण की प्रतीक्षा है।भरतपुर के उच्चैन में यह हादसा हुआ है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें मलबा बिखरा हुए दिखाई दे रहा है। (नईदुनिया वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।) सेना की ओर से अभी कोई बयान नहीं आया है। यह भी साफ नहीं हुआ है कि विमान में कितने लोग सवार थे और हादसा क्यों हुआ?

चारधाम यात्रा 22 अप्रैल से

केदारनाथ धाम के 26 अप्रैल, श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 27 अप्रैल को खुलेंगे

नई दिल्ली, ईएमएस। उत्तराखंड में चार धाम यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। केदारनाथ धाम के कपाट 26 अप्रैल को और गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट 22 अप्रैल को खुलेंगे। पूर्व में श्री बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि 27 अप्रैल घोषित की जा चुकी है। श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति ने यह जानकारी दी है।कपाट खुलने की तारीखों का ऐलान होने के बाद श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। गुरुवार को बसंत पंचमी के अवसर पर उत्तराखंड के नरेंद्र नगर में हुई बैठक में पंचांग गणना के बाद विधि-विधान के साथ बद्रीनाथ के कपाट खुलने की तिथि तय हुई है।बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के ठीक 15 दिन पहले गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसकी तारीख 12 अप्रैल 2023 बताई गई है। बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि घोषित होने के बाद श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।जोशीमठ के कई मकानों में आई दरारों को लेकर लोगों में बड़ी आपदा का भय बना हुआ है और इसी को लेकर कई तरह के कयास भी लगाए जा रहे हैं। जिस पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को एक बयान देकर इन कयासों को खत्म कर दिया है। धामी ने कहा है कि चार धाम यात्रा की तैयारियां पूरी जोरशोर से चल रही हैं। रास्तों की मरम्मत के साथ ही अन्य सुविधाएं भी सुधारी जाएंगी।

म प्र के नेता प्रतिपक्ष डा. गोविंद सिंह को प्रवर्तन निदेशालय का नोटिस

भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डा. गोविंद सिंह को प्रवर्तन निदेशालय ने नोटिस दिया है। इसमें प्रकरण का कोई उल्लेख नहीं है। नोटिस मिलने पर डा. सिंह ने दिल्ली पहुंचकर वकीलों से परामर्श लिया और पत्र लिखकर पूछा है कि वह मामला बताया जाए, जिसके लिए उन्हें बुलाया गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने 25 जनवरी को डा. गोविंद सिंह को नोटिस देकर दिल्ली कार्यालय बुलाया था। इसमें किसी प्रकरण का कोई हवाला नहीं दिया गया। नोटिस मिलने पर वे दिल्ली पहुंचे और वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा और कपिल सिब्बल से परामर्श किया।

मुरैना में जेलर के घर लोकायुक्त का छापा

आय से अधिक संपत्ति का शक, कार्रवाई जारी

ग्वालियर. यशभारत। मुरैना जेल में पदस्थ डीलर के ग्वालियर स्थित घर और मुरैना स्थित सरकारी आवास पर एक साथ लोकायुक्त पुलिस की टीम ने छापा मारा। लोकायुक्त पुलिस को शिकायत मिली थी कि जेलर ने आय से अधिक संपत्ति जोड़ रखी है। इसी शिकायत पर लोकायुक्त पुलिस की दो टीमों ने एक साथ सुबह करीब 6ः00 बजे ग्वालियर और मुरैना स्थित आवास पर दस्तक दी। खबर लिखे जाने तक ग्वालियर में कार्यवाही जारी थी, लेकिन मुरैना में सरकारी आवास पर ताला लगा हुआ था। इसके चलते ग्वालियर से एक टीम जेलर को अपने साथ लेकर करीब 9ः30 बजे मुरैना के लिए निकल गई। अब मुरैना में सरकारी आवास का ताला खोलकर यहां भी सर्चिंग की जाएगी। अभी क्या संपत्ति मिली है इसका खुलासा नहीं हो सका है। कार्यवाही में शामिल लोकायुक्त पुलिस के अधिकारियों ने अपने मोबाइल भी बंद कर लिए हैं। ग्वालियर के गोला का मंदिर स्थित सुरुचि होटल के पास कृष्णा अपार्टमेंट में स्थित फ्लैट में रहने वाले हरिओम पाराशर मुरैना जेल में जेलर के पद पर पदस्थ है। मुरैना में ही उन्हें सरकारी आवास मिला है, लेकिन वह वहां नहीं रुक कर ग्वालियर में अपने निजी आवास में रहते हैं। वह रोज अप डाउन करते हैं। इसके बाद भी मुरैना में आवास ले रखा है। लोकायुक्त पुलिस को शिकायत मिली थी कि उन्होंने आय से अधिक संपत्ति इकट्ठा कर रखी है।

मप्र में 30-31 जनवरी को खुलेंगे बैंक, हड़ताल कैंसिल

भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में 30 और 31 जनवरी को बैंक खुले रहेंगे। इन दो दिनों में प्रस्तावित बैंककर्मियों की हड़ताल कैंसिल हो गई है। फाइव डे वीक समेत अन्य मुद्दों पर केंद्र स्तर पर चर्चा करने के बाद हड़ताल कैंसिल की गई है।यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनरतले यह ह?ताल प्रस्तावित थी। इसके चलते पिछले दिनों प्रदर्शन भी हो चुके हैं। यूनियंस के को-ऑर्डिनेटर वीके शर्मा ने बताया कि मुंबई में उप मुख्य श्रमायुक्त श्रम मंत्रालय भारत सरकार मुंबई के कार्यालय में उप मुख्य श्रमायुक्त की उपस्थिति में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के पदाधिकारियों एवं भारतीय बैंक संघ (ढ्ढक्क) के अधिकारियों के बीच 30 और 31 जनवरी की बैंक हड़ताल के मुद्दों के ऊपर चर्चा हुई।

हरदा में 13 पुलिसवालों के घरों के ताले टूटे

हरदा, ईएमएस। मध्यप्रदेश के हरदा जिले में चोरों के हौसले कितने बुलंद होते जा रहे हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि नई और पुरानी पुलिस लाइन में 13 पुलिसवालों के घरों के ताले तोड़कर लाखों का माल ले उड़े। चोरों ने अजाक्स के डीएसपी सहित 13 पुलिस वालों के सरकारी क्वार्टर के तालों को तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के हरदा जिले में पुलिस के क्वार्टर में चोरों ने धावा बोलकर लाखों रुपये की चोरी की है। पुलिस लाइन में एक साथ चोरों ने 13 क्वार्टर को निशाना बनाया है। एसपी हरदा ने मामले में जांच शुरू कर दी है।बताया गया कि छोटी हरदा के पास बनी नई पुलिस लाइन के क्षिप्रा के ब्लाक के 4, ताप्ती 3, बेतवा 1, सिंध में 1 क्वार्टर को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। वहीं सिविल लाइन थाना क्षेत्र में आने वाली पुरानी पुलिस लाइन के नर्मदा भवन में रहने वाले अजाक्स डीएसपी के क्वार्टर सहित अन्य तीन पुलिस वालों के घरों के ताले टूटे हैं।

सोने-चांदी के जेवरात सहित लाखों की चोरी

वर्क फ्रॉम होम, रोज 15 हजार कमाने का झांसा

30 हजार लोगों से 200 करोड़ का फर्जीवाड़ा, चीन भेजा गया पैसा

नई दिल्ली,ईएमएस। अगर आपके मोबाइल में किसी नामी गिरामी कंपनी का जॉब लिंक आए तो उस पर क्लिक करने से पहले सौ बार सोच लें, वरना आप किसी बड़ी मुसीबत में फंस सकते हैं। दरअसल दिल्ली पुलिस ने ठगों के एक ऐसे गैंग का खुलासा किया है जिसने वर्क फ्रॉम होम जॉब ने नाम पर 30 हजार लोगों से 200 करोड़ रुपये की ठगी की है। यह गैंग वर्क फ्रॉम होम जॉब के नाम पर एक दिन में 15 हजार रुपये का वेतन देकर लोगों को झांसे में लेता था। कोरोना के बाद देश में वर्क फ्रॉम होम जॉब का कल्चर बढ़ा है, जिसके चलते इस गैंग ने कई लोगों को आसानी से अपने जाल में फंसा लिया। दिल्ली पुलिस ने चीन और दुबई में स्थित साइबर बदमाशों के एक अंतर्राष्ट्रीय गिरोह और जॉर्जिया में एक मास्टरमाइंड का भंडाफोड़ किया है। मास्टरमाइंड गैंग को जॉर्जिया से ऑपरेट कर रहा है, जिसे पुलिस भारत लाने में जुट गई है। पुलिस ने इस सिलसिले में दिल्ली, गुरुग्राम और फतेहाबाद (हरियाणा) में अलग-अलग छापेमारी कर अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सतीश यादव (36), अभिषेक गर्ग (40) और संदीप महला के रूप में हुई है। इनसे चीन और दुबई में रकम ट्रांसफर करने के लिए इस्तेमाल हो रहे सिम और 5 फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने कहा कि इनके पास से कुछ वेबसाइट्स से सर्वर भी मिले हैं, जिनके जरिए चीन और दुबई स्थित कंपनियों को पैसा भेजा जा रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने अपनी वेबसाइट को बढ़ावा देने तथा लोगों को ठगने के लिए यूट्यूब, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, व्हाट्सअप और अन्य सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल किया। पुलिस उपायुक्त, बाहरी उत्तर, देवेश कुमार महला ने कहा कि अब तक की गई जांच से संकेत मिलता है कि चीनी साइबर अपराधियों ने ऑनलाइन वर्क फ्रॉम होम जॉब या पार्ट टाइम जॉब की तलाश कर रहे लोगों को धोखा देने के लिए एक मॉड्यूल विकसित किया है, क्योंकि चीनी ऋण धोखाधड़ी अब कम हो रही है। एजेंसियों द्वारा कार्रवाई और लोगों के बीच जागरूकता।

पैर से लैपटॉप चलाएंगे दिव्यांग

मप्र में 9वीं की लड़की ने की है गजब की खोज, देखकर पीएम मोदी भी हो गए गद-गद

नई दिल्ली, एजेंसी। शुक्रवार को परीक्षा पे चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एमपी के कई छात्रों से बात की है। इस दौरान रीवा की लड़की रेणुका मिश्रा से भी पीएम मोदी ने बात की है। एकलव्य ने दिव्यांगों के लिए एक खास डिवाइस बनाई है। बिना हाथ वाले दिव्यांग इस डिवाइस को पैर से चला सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षा पे चर्चा के दौरान दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में इस डिवाइस को देखा है। इसके साथ ही इस उपकरण के बारे में रेणुका मिश्रा के साथ चर्चा की है। दिव्यांगों के लिए डिवाइस बनाने वाली रेणुका मिश्रा रीवा स्थित केंद्रीय विद्यालय की छात्रा है। रेणुका मिश्रा की सफलता पर रीवा केंद्रीय विद्यालय को गर्व है। रेणुका मिश्रा रीवा केंद्रीय विद्यालय में पढ़ती है। उसे पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला है। वह नौवीं की छात्रा है। रेणुका मिश्रा ने दिव्यांग छात्रों के लिए एकलव्य नाम का एक उपकरण डिजाइन किया है। रेणुका के उपकरण से बिना हाथ वाले दिव्यांग पैर से भी लैपटॉप चला सकेंगे। रेणुका का मानना है कि यह डिवाइस दिव्यांगों के लिए एक वरदान साबित होगा। दरअसल, हाथ नहीं रहने पर दिव्यांगों के सामने सबसे बड़ी चुनौती गैजेट को चलाना होता है। रेणुका मिश्रा ने उस दर्द को समझा है।

पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग

घर-घर का पंडित बना अरुणोदय पंचांग

पुलवामा के चुरसू से भारत जोड़ो यात्रा शुरू

राहुल की सुरक्षा में चूक को लेकर खड़गे ने शाह को चिट्ठी लिखी, कहा- हस्तक्षेप करें

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार को राहुल गांधी के सुरक्षा घेरे में कई लोग घुस आए थे। राहुल की सुरक्षा में हुई इस चूक को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है। खड़गे ने गृह मंत्री से इस मामले में व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने की अपील की है। साथ ही यात्रा में शामिल लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की है। उधर, शनिवार सुबह कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पुलवामा जिले में अवंतीपोरा के चुरसू से शुरू हुई। यात्रा में PDP चीफ महबूबा मुफ्ती हजारों महिलाओं के साथ शामिल हैं। प्रियंका गांधी के भी पहुंचने की उम्मीद है। शुक्रवार को सुरक्षा में सेंध लगने के बाद राहुल गांधी ने यात्रा रोक दी थी। कांग्रेस ने सुरक्षा में चूक के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया था। शनिवार को पंपोर के बिड़ला इंटरनेशनल स्कूल के पास यात्रा का टी ब्रेक होगा। श्रीनगर के बाहरी इलाके स्थित पंठा चौक के ट्रक यार्ड में शनिवार रात विश्राम होगा। 29 जनवरी को पंठा चौक से यात्रा बोलेवर्ड रोड स्थित नेहरू पार्क तक जाएगी।

कल राहुल के सुरक्षा घेरे में घुस गए थे लोग

शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के काजीगुंड में एंट्री के सिर्फ एक किलोमीटर बाद ही राहुल गांधी की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई थी। यहां राहुल के सुरक्षा घेरे में कई लोग घुस आए थे। इसके बाद पुलिस राहुल गांधी और उमर अब्दुल्ला को गाड़ी में बैठाकर अनंतनाग ले गई थी। अनंतनाग में राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था- यात्रा के दौरान पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था ध्वस्त हो गई। टनल से निकलने के बाद पुलिसकर्मी नहीं दिखे। मेरे सुरक्षाकर्मियों ने कहा कि हम और नहीं चल सकते। मुझे अपनी यात्रा रोकनी पड़ी। बाकी लोग यात्रा कर रहे थे।

राहुल गांधीः भीड़ को काबू करना प्रशासन की जिम्मेदारी

राहुल गांधीः भीड़ को काबू करना प्रशासन की जिम्मेदारी है, ताकि हम यात्रा कर सकते। मेरी सुरक्षा में लगे लोगों की सलाह को दरकिनार करना मेरे लिए मुश्किल था।मल्लिकार्जुन खड़गेः राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक परेशान करने वाली है। भारत पहले ही दो क्क्रू और कई नेताओं को खो चुका है। हम यात्रियों के लिए बेहतर सुरक्षा की मांग करते हैं।जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आरके गोयलः सरकार सुरक्षा के प्रति गंभीर है।

भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव के साथ कई विषयों पर चर्चा

दुनिया भारत को उम्मीद की दृष्टि से देख रही : संजय पाठक

कटनी, यशभारत। भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति बैठक भाजपा कार्यालय में हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा तथा राजनीतिक प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। साथ ही पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी एवं सोशल मीडिया आईटी को और अधिक प्रभावी बनाने पर अलग अलग सत्रों में विषय वक्ताओं ने जानकारी दीं। प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तथा विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने बताया कि आज दुनिया मे भारत की छवि विकासशील से विकसित देशों में है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के चमत्कारीक व्यक्तित्व के कारण भारत की तरफ दुनिया उम्मीद भरी नजरों से देख रही। यह हमारा और देश का सौभाग्य है कि हमें मोदी जी जैसे नेतृत्व में एक देवदूत मिले हैं। आने वाला समय बेहद संवेदनशील है पर भाजपा के देव दुर्लभ कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ विपक्षी दुष्प्रचार का जवाब देने के लिए सक्षम और तैयार हैं। श्री पाठक ने प्रदेश में भाजपा की सरकार तथा संगठन में वीडी शर्मा व सत्ता में शिवराज सिंह के नेतृत्व में प्रदेश के सर्वांगीण विकास तथा हाल ही में इंदौर में आयोजित प्रवासी भारतीयों के सम्मेलन तथा इन्वेस्टर मीट को विकास में मील का पत्थर कहा। बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय ने कहा कि हमारी सरकार की एक दो नहीं पूरी 400 योजनाओं से समाज का हर वर्ग का व्यक्ति लाभान्वित है। पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, जिला उपाध्यक्ष सुनील उपाध्याय, जिला कार्यालय मंत्री अम्बरीष वर्मा ने विचार रखे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन सोनी ने कहा कि हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं, हमारे लिए गर्व की बात है। हम भी उन लाभार्थियों जैसे ही हैं जिन्हें हमारे संगठन ने जिम्मेदारी दी है। इस अवसर पर जिला महामंत्री चेतन हिंदूजा ने राजनीतिक प्रस्ताव का वाचन किया। समर्थन मृदुल द्विवेदी ने किया। आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने किया एवं कहा कि यह चुनावी वर्ष है हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए संवेदनशील समय है जिसका सदुपयोग करना चाहिए। मंचासीन अतिथि अन्य अतिथि पूर्व अध्यक्षद्वय रामचन्द्र तिवारी, चमनलाल आनंद, ममता पटैल, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, महामंत्री चेतन हिंदुजा, सतीश तिवारी का जिले के पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

शहर कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू

कटनी, यशभारत। मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा चौंसठ योगिनी जालपा देवी मंदिर में पूजा अर्चना करके एवं प्रथम पर्चा मां को समर्पित करके हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का शुभारंभ किया गया। कांग्रेस नेताओं ने श्री तिलक राष्ट्रीय स्कूल पहुंचकर, जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी रुके थे, उस कक्ष में स्थित गांधी जी चित्र पर भी पर्चा समर्पित किया। जालपा वार्ड में जनता को पर्चे बांटकर अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के शुभारंभ मौके पर क्षेत्र के बुर्जुगों का शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया। शहर अध्यक्ष विक्रम खम्परिया ने कहा कि देश की संस्कृति लगातार हमला किया जा रहा है। धर्म जाति अथवा भाषा के नाम पर समाज को बरगलाने और ध्यान बांटने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाला चुनाव हमारी संस्कृति और हमारे संविधान की रक्षा करने का अवसर है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश जैन कक्का ने कहा कि कमलनाथ ने किसानों को सस्ती बिजली देने का कार्य किया था और किसानों का कर्जा माफ किया था। उनकी सरकार में 100 रूपए में 100 यूनिट बिजली मिलती थी, जो कि अब बंद हो गई। युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंशु मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री के तौर पर कमलनाथ ने प्रयास किया कि मप्र की एक नई पहचान बनाई जाए। उनका मानना था कि मप्र की पहचान मिलावट से नहीं हो सकती, माफिया से नहीं हो सकती। इस अवसर पर महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष श्रीमति रजनी वर्मा, प्रशांत जायसवाल, रमजान भारती, गिरधारीलाल स्वर्णकार, मारूफ अहमद हनफी, मुस्ताक भाईजान, श्रेहा खंडेलवाल, मौसूफअहमद बिट्टू, रौनक खंडेलवाल, अरुण कनौजिया, डॉ आनंद पटेल, राहुल पटेरिया, शुभम मिश्रा, अजय खटीक, अभिषेक प्यासी, विपिन दुबे, ओमप्रकाश सकतेल, कपिल रजक, डॉ उदिता वर्मा, विनोद छिरोलिया, शेखर भारद्वाज, मुकेश पाठक, मयूर त्रिपाठी, ब्रजेश गौतम, विनोद डेंगरे, मंगल सिंह, अंशुल सोनी, साजिद अली आदि उपस्थित रहे।

भैंसवाही में लोगों को बताई सरकार की नाकामियां

कटनी, यशभारत। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के आव्हान पर जिला कांग्रेस ग्रामीण द्वारा ग्राम भैंसवाही से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रामीण जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कहा कि देश में अमन, चैन, भाईचारा स्थापित करने के लिए अभा कांग्रेस कमेटी द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम शुरू किया गया है। उन्होंने आव्हान किया कि भाजपा सरकार की नाकामियों को आम जनता तक पहुंचाएं। इस अवसर पर पद्मा शुक्ला, नीरज सिंह बघेल, रविंद्र सिंह छोटू, सोमनाथ मिश्रा, अजय कछवाहा, एडवोकेट संदीप जयसवाल, जीतू उपस्थित रहे। बड़वारा में विधायक बसंत सिंह की अगुवाई में अभियान की शुरूआत की गई। इस अवसर पर सुनील सिंह बघेल, नारायण दत्त तिवारी, डॉ राजेश चौहान, गया प्रसाद विश्वकर्मा, गोलू सिंह बघेल, विकास निगम, इसराइल मोहम्मद, चाहत बर्मन, गन्नू शर्मा आदि उपस्थित रहे। बहोरीबंद ब्लॉक में ब्लॉक अध्यक्ष जय गर्ग, नरेंद्र पौराणिक, गणेश नारायण गुप्ता, सादिक खान, विजय तिवारी, राजेश तिवारी, हेमराज यादव ने हाथ से हाथ जोड़कर श्रृंखलावद्ध कतार में कार्यक्रम किया। रीठी ब्लॉक के ग्राम पंचायत धनिया में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रीठी द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर महेंद्र जैन, डॉ नरेंद्र, अंकुश सोनी, शब्बीर खान, धर्मेंद्र प्रधान, नवल सिंह, चंदन सिंह, टिंकू सिंह, धर्म सिंह, अरविंद सिंह, सुरेश सिंह, मोनू सिंह, गिरवर सिंह उपस्थित रहे। इसी तरह कैमोर में सोमनाथ मिश्रा की उपस्थिति में श्याम तिवारी, शाहिद हुसैन, सुरेंद्र दुबे, नीरज बघेल, शहजाद हुसैन, रिजवी सरवर खान, कुक्कू मौलाना, प्रदीप बॉस, कमल भाई, ध्रुव प्रताप सिंह ने घर-घर जाकर कार्यक्रम की जानकरी दी। मुड़वारा ब्लॉक के डिठवारा में आशीष त्रिपाठी, रंजीत सिंह, शेख सरवर ने हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम की शुरुआत की।

जिले भर के स्कूलों में छात्रों के साथ भाजपा नेताओं ने देखी परीक्षा पर चर्चा

कटनी, यशभारत। कल 27 जनवरी को जिले भर के प्रमुख स्कूलों में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को भाजपा नेताओं ने स्कूलों में बच्चों के साथ सुना एवं देखा। पीएम मोदी की परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को भाजपा ने एक इंवेट की तरह देखा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन ने उत्कृष्ठ विद्यालय पहुंच कर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री हर छोटी से छोटी बातों का ध्यान रखते हैं ऐसे में जब बच्चों की परीक्षा का वक्त नजदीक है तो पीएम मोदी ने बच्चों के मोटीवेशन के कई कार्यक्रमों को शुरू किया। उन्होंने परीक्षा पर चर्चा के अब तक के सभी कार्यक्रमों में से ली गई खास बातों की एक बुक भी लिखी जिसका नाम एग्जाम वारियर्स रखा गया इसी किताब पर आधारित गत दिनों बच्चों की पेंटिंग स्पर्धा का भी आयोजन किया गया था। उत्कृष्ट विद्यालय में परीक्षा पर प्रधानमंत्री की इस चर्चा के कार्यक्रम को बड़ी स्क्रीन पर सभी छात्र छात्राओं के साथ देखा गया जिसमें पीएम मोदी की कई मोटिवेशनल बातों को बच्चों ने आत्म सात किया। इस मौके पर जिला भाजपा उपयाध्यक्ष सुनील उपाध्याय, रणवीरण कर्ण, स्कूल प्राचार्य शैक्षणिक स्टाफ की मौजूदगी थी।

नाम की शाखाएं, ग्रामीण क्षेत्रों के बैंक नहीं दे रहे सुविधाएं

कटनी, यशभारत। बैकिंग क्षेत्र की सबसे बडी संस्था स्टेट बैंक होने के बावजूद जिले के निवार पहाड़ी क्षेत्र के उपभोक्ता स्टेट बैंक के अफसरों और कर्मचारियों से परेशान हो रहे हैं। स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक पर ग्रामीण कमीशनखोरी का आरोप लगाते हुए उपभोक्ताओं को परेशान करने का आरोप लगा रहे हैं। जिससे करीब पचास गांव के उपभोक्ता निवार के भारतीय स्टेट बैंक से जुडे है। वहीं बडी संख्या में व्यापारी और व्यवसायी इस बैंक से लेन देन करते हैं। उपभोक्ताओं की परेशानी यह कि उनको उनका पैसा ही समय पर नहीं दिया जा रहा है। खासकर बुधवार को नॉन बैंकिंग डे के रूप में शाखा प्रबंधक ने बना रखा है। वहीं बाहर दीवार में लिखाया गया है बुधवार को किसी प्रकार का लेन देन बंद रहेगा। ऐसा आज नहीं बल्कि पिछले कई महीनों से किया जा रहा है। जिससे बुधवार को आने वाले उपभोक्ता बेरंग लौटना पडता है। व्यापारी सुबोध जैन बताते कि क्षेत्र के लोग शाखा प्रबंधक की मनमानी से परेशान हैं। खासकर बुधवार को लेन देन नहीं होने से उपभोक्ता खासे परेशान है। इस संबंध में जब प्रभारी शाखा प्रबंधक आरपी तिवारी कहा ग्रामीण क्षेत्र में खुले स्टेट बैंक में बुधवार को लेन देन बंद रखने के आदेश है। इसलिए बैंक में बुधवार को रुपयों का खातों से नहीं दिया जाता है। निवार स्टेट बैंक शाखा में 10 किलोमीटर दूर जालासूर गांव से पैसे निकालने आए ग्रामीण ने बताया कि बुधवार का दिन होने के कारण पैसा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बैंक में जाकर काउंटर में बैठे कर्मचारियों को अपनी पासबुक पैसे निकालने के लिए दी लेकिन कर्मचारियों ने बुधवार पैसा देने से मना कर दिया। इसी तरह बैंक में पिलौजी गांव से एक व्यक्ति अपने बडे पापा के मृत होने पर शाखा में रुपयों से संबंधित करते काम कराने लाए लेकिन कर्मचारियों ने काम करने से मना कर दिया। आदेश दिखाकर पल्ला झाड रहे प्रबंधक: बैंक के शाखा प्रबंधक से इस संबंध में जानकारी ली गई तो उन्होंने आदेश दिखाकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड लिया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की बैंकों में इस तरह के आदेश है। इसलिए आदेश के मुताबिक काम किया जा रहा हैं।

समाजसेवी कार्यों के लिए हुआ सम्मान

कटनी, यशभारत। माधवनगर में अमर शहीद हेमू कालानी बलिदान दिवस पर कटनी माधव नगर में हुए कार्यक्रम के दौरान जबलपुर केंट विधायक अशोक रोहाणी मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने समाजसेवी एवं पत्रकार विष्णु वलेचा का शाल एवं श्रीफल देकर नागरिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान दौरान झूलेलाल सेवा मंडल अध्यक्ष झम्मटमल मल ठारवानी, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, जिला महामंत्री चेतन हिंदुजा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष पीतांबर टोपनानी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रामरतन पायल, सिंधी साहित्य अकादमी के निर्देशक भाई राजेश वाधवानी, भारतीय सिंधु सभा कटनी अध्यक्ष नवीन मोटवानी, निखिल हिंदुजा,हितेश राजपाल, जोधाराम जयसिंघानी, देवीदास सोनी आदि उपस्थित रहे।

नगर निगम में सुंदरकांड

नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक के जन्मदिन पर आज नगर निगम स्थित हनुमान मंदिर में सुंदर कांड का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों, कर्मचारियों ने निगमाध्यक्ष को जन्मदन की शुभकामनाएं दी।

जायंट्स इंटरनेशनल का कन्वेंशन में शामिल हुआ कटनी का प्रतिनिधि मंडल

कटनी,यशभारत। भारतीय मूल की अंतर राष्ट्रीय संस्था जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अधिवेशन गत दिवस जोधपुर में सम्पन्न हुआ। जोधपुर महाराज गज सिंह जी ए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखवात ए मनोज मुन्तशिर आदि हस्तियों ने विभिन्न सत्रों में शिरकत कर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। कटनी जायंट्स का प्रतिनिधित्व एम जे एस लाम्बा, मुकेश चंदेरिया, दीपिका शर्मा, निशा तिवारी, अतुल जैन, रणवीर कर्ण, अर्चना चंदेरिया, राकेश शर्मा, सतवीर कौर लाम्बा, नंदिता कर्ण, दीपाली गुप्ता, संतोष जैन, शौर्या गुप्ता, आर्या गुप्ता ने किया। दीपाली गुप्ता को प्रशासन संचालक का सराहना पुरस्कार प्राप्त हुआ। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकम तीन दिवसीय आयोजन में रंग भरने का सराहनीय प्रयास करते रहे। आगामी कन्वेंशन त्रिवेंद्रम में आयोजित होने की घोषणा विश्व अध्यक्ष शायना एन शी द्वारा करतल ध्वनि से की गई।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन कल

कटनी,यशभारत। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा स्वाधीनता के अमृत महोत्सव के अवसर पर कार्यक्रमों की श्रंखला में पथ संचलन एवं बौद्धिक तथा प्रदर्शन का कार्यक्रम कल 29 जनवरी रविवार को सायं 3:30 बजे से स्थानीय फॉरेस्टर प्लेग्राउंड में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में हमें महाकौशल प्रांत के प्रांत प्रचारक प्रवीण गुप्त का उद्बोधन होगा। स्वयंसेवकों द्वारा प्रदर्शन का कार्यक्रम भी रहेगा।

कालोनियों में खड़े बिजली के पोल पर करंट नहीं

कटनी, यशभारत। नगर निगम के वार्ड क्रमांक-18 की रोशन नगर,प्रेमनगर सहित अन्य बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण स्थानीय जन परेशान हैं। बिजली के पोल कालोनियों में खड़े कर दिए गए हैं लेकिन उनमें आज तक करंट नहीं दौड़ा है तो सड़कों व नालियों का निर्माण न होने से लोग परेशान हैं और हिचकोले खाते हुए वाहन निकलते हैं।वार्ड में लोगों की सुविधा के लिए नगर निगम के माध्यम से बिजली के खंभे लगाने का कार्य हुआ है।जिसमें कमल होटल से लेकर प्रेमनगर बस्ती तक निगम ने 87 खंभे लगवाए हैं।

खंभों में तार खींचने के साथ ही बाक्स आदि भी लगा दिए हैं लेकिन कई माह से सिर्फ खंभे खड़े हैं और उनमें सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है।इसका कारण यह है कि नगर निगम ने अभी तक ठेकेदार को भुगतान नहीं किया है और इस कारण से ठेकेदार लाइन चार्ज नहीं करा रहा है। वार्ड में जिला प्रशिक्षण संस्थान डाइट स्थापित है।पिछले कई साल से मुख्य मार्ग से लेकर डाइट तक जाने के लिए मार्ग का पक्का निर्माण कराने की मांग की जा रही है लेकिन आज तक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है।डाइट में सालभर जिले के शिक्षकों का प्रशिक्षण व अन्य कार्यक्रम होते हैं और अधिकारी,कर्मचारियों का इसी मार्ग से आना जाना होता है।बारिश के दिनों में मार्ग से गुजरने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है।इाइट में छह मतदान केन्द्र बनाए जाते हैं और इसी मार्ग पर हाइस्कूल और दो छात्रावास भी स्थापित हैं।स्कूल के छात्र व छात्रावासों में रहने वाले छात्र भी इसी मार्ग का उपयोग करते हैं।इसके अलावा प्रेमनगर बस्ती,पवनपुरी, रामपुर खिरहनी,रोशन नगर की कई कालोनियों में सड़कों व नालियों का अभाव है।जिसके चलते लोगों को आवाजाही में परेशानी होती है।स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से कई बार मांग की गई है लेकिन आज तक निर्माण कार्य नहीं कराए गए हैं।

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में
JOIN US : सिटी प्राईड सिनेमा में

AUDI = 1 रोजाना 5 शो 25 जनवरी से
09:45AM | 12:45PM | 03:45PM | 06:45PM | 09:30 PM
AUDI = 2 रोजाना 5 शो 25 जनवरी से
10:15 AM | 01:15PM | 04:15PM | 07:15PM | 10:00PM

TICKET RATES

DIAMOND CLASS	300/-	PLATINUM CLASS	250/-
GOLD CLASS	200/-	SILVER CLASS	150/-

नीरज सिनेप्लेक्स में
ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 3 शो ता. 25 से 12,3 एवं सायं 6 बजे से
जिनका नाम नहीं होता.... उनका नामकरण उनके साथ ही कर देते हैं
पठान
कलाकार- शाहरूख खान, दीपिका पादुकोण, जॉन अब्राहम, आशुतोष राणा आदि।
टिकट दर
बॉक्स 150/- अपर क्लास 80/-
बालकनी क्लास- 110/- लोवर क्लास-80/-

यश भारत

सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 28 जनवरी 2023

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

आज से शुरू नहीं हो पाई जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

मंगलवार से हटेंगे स्थाई और अस्थायी कब्जे, मिशन चौक से मुहिम शुरू करने की तैयारी

कटनी, यशभारत। जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सड़क निर्माण में बाधक स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही आज शनिवार से शुरू नहीं हो पाई। इसके पीछे मुख्य कारण पुलिस बल का नहीं मिलना बताया जा रहा है। आज बागेश्वर धाम के समर्थन में सनातन समाज द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिसके चलते आज से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को रोक दिया गया है। कल रविवार और सोमवार को नगर निगम परिषद की बैठक के चलते अब मंगलवार से ही यह मुहिम शुरू होने के आसार है।

जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक पक्की सड़क निर्माण के प्रथम चरण में इस रोड पर किए गए अवैध कब्जे को हटाया जाना है। इसको लेकर हाईकोर्ट का भी आर्डर आ गया है। जानकारी के मुताबिक आज 28 जनवरी से कब्जे हटाए जाने थे लेकिन पुलिस बल नहीं मिलने की वजह से कार्रवाई को रोकना पड़ा है। अब यह मंगलवार से शुरू हो पाएगी। शहर में लंबे समय से चली आ रही इस समस्या का जल्द ही निदान होने की उम्मीद है। शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग घंटाघर से चांडक चौक तक सड़क निर्माण अति आवश्यक जगन्नाथ तिराहा से गर्ग चौराहा तक सड़क चौड़ीकरण की राह अब आसान होती दिख रही है। मार्ग में हुए अतिक्रमण को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने नगरनिगम को कब्जा हटाकर संपूर्ण रिपोर्ट मय फोटो-वीडियो के सौंपने कहा है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब नगर निगम कब्जे हटाने की तैयारी में जुट गया है। अतिक्रमण हटाने कार्रवाई राजस्व

68 अतिक्रमण चिन्हित, नोटिस भी जारी 200 से ज्यादा अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में हटाए जाएंगे बेजा कब्जे

व प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में की जाएगी, इसके लिए 68 अतिक्रमण चिन्हित किए गए हैं। इसके अलावा अन्य कब्जे हैं, जिन्हें हटाया जाएगा। उन्हें भी चिन्हित किया जा रहा है, जिनमें पूर्व में नोटिस दिया जा चुका है, सभी को हटाने की कार्रवाई होगी। जानकारी के अनुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बीच मुआवजा प्रकरणों के निपटाने की तैयारी भी नगरनिगम ने कर ली है। मुआवजा के लिए भी प्लान तैयार किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा राजस्व अधिकारियों को पत्राचार कर मुआवजा गणना करने के लिए कहा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक इसके लिए नगर निगम द्वारा व्यापक पैमाने पर कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के लिए 200 अधिकारी-कर्मचारियों की फौज को कार्रवाई के लिए तैनात किया जाएगा। इस कार्रवाई में चार जेसीबी, दो डंपर सहित अन्य वाहन लगाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई मिशन चौक से शुरू की जाएगी। यहां सड़क एवं मिशन चौक ओव्हर ब्रिज के नीचे किए गए कब्जों को भी हटाया जाएगा। अब यह कार्यवाही मंगलवार से ही शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

सोमवार को नगर निगम परिषद की बैठक

बताया जाता है कि 30 जनवरी सोमवार को नगर निगम परिषद की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में नगर विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा करते हुए निर्णय लिए जाएंगे। परिषद की बैठक के चलते नगर निगम प्रशासन के अधिकारी व्यस्त रहेंगे, जिसके चलते सोमवार को भी जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू नहीं हो पाएगी।

टेंडर की प्रक्रिया में फंसा तकनीकी पेंच

बताया जाता है कि जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सड़क निर्माण में तकनीकी पेंच फंस गया है। मेयर इन कौंसिल द्वारा सीसी सड़क निर्माण की मंजूरी देते हुए 3 लाख 53 हजार रूपए की लागत से सड़क निर्माण कराए जाने की योजना तैयार की गई है, जबकि नगर निगम परिषद की बैठक में डामर रोड की सहमति बनी है। इसको लेकर पेंच फंसा हुआ है। टेंडर जारी हो चुके हैं और जल्द ही सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

इनका कहना है

माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाना है। नगर निगम ने पूरी तैयारी कर ली है। जहां अधिग्रहण को लेकर विवाद है, वहां अभी कार्यवाही नहीं की जाएगी। सड़क के निर्माण के टेंडर की प्रक्रिया भी की जा रही है। - **प्रीति संजीव सूरी, महापौर**

बागेश्वर धाम के समर्थन में सड़क पर उतरा सनातन समाज

राष्ट्रपतिके नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, अमर्यादित टिप्पणी को लेकर दिखा रोष, कार्रवाई की मांग

कटनी, यशभारत। सनातन धर्म, हिंदू धर्म को पाखंड बताने वाले एवं बागेश्वर धाम सरकार के प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को पाखंडी बताने वाले अधर्मी श्याम मानव के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर समस्त सनातनी सेना एवं हिन्दू सेना द्वारा मिशन चौक में प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में एकत्रित लोगों ने कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि सनातन धर्म के विरुद्ध कई तरह साजिशें की जा रही हैं। कई तरह के षड़यंत्र किए जा रहे हैं। अमर्यादित टीका टिप्पणी की जा रही है। जिससे समस्त हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। ऐसे धर्म विरोधी पांखड़ियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। जो भी सनातन धर्म हिंदू धर्म की भावनाओं को आहत करता है, उसके विरुद्ध तुरंत कार्यवाही होनी चाहिए। धार्मिक ग्रंथ रामचरितमानस एवं हनुमान चालीसा पर यदि कोई टीका टिप्पणी करता है तो उसके ऊपर कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को पाखंडी बताने वाले एवं उनकी शक्तियों को बदनाम करने वालों के ऊपर शीघ्र से शीघ्र कठोरतम कार्यवाही होना चाहिए। साधु-संतों का अपमान करने वाले धूर्त श्याम मानव नागपुर एवं उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होना चाहिए।

पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा

निम्नलिखित कार्यों के लिए भारत के राष्ट्रपति ओर से आईआरईपीएस पोर्टल पर दो पैकेट प्रणाली के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है- **(1) निविदा सूचना संख्या:** JBP-C-G-410-NWR-GCT-1 **कार्य का नाम एवं स्थान:** गति शक्ति मल्टी मोडल के तहत जबलपुर मंडल के निवार स्टेशन पर रेलवे भूमि पर लोडिंग/अनलोडिंग सुविधाओं और संबंधित बुनियादी ढांचे के निर्माण, विकास और रखरखाव का कार्य। कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) नीति। **निविदा की अनुमानित लागत:** ₹89,90,54,285/- **बयाना राशि जमा:** ₹2,69,43,700/- **निविदा दस्तावेज की लागत:** निल **(2) निविदा सूचना संख्या:** JBP-C-G-410-BGTA-GCT-1 **कार्य का नाम एवं स्थान:** गति शक्ति मल्टी मोडल के तहत जबलपुर मंडल के बागरातवा स्टेशन पर रेलवे भूमि पर लोडिंग/अनलोडिंग सुविधाओं और संबंधित बुनियादी ढांचे के निर्माण, विकास और रखरखाव का कार्य। कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) नीति। **निविदा की अनुमानित लागत:** ₹26,25,72,725/- **बयाना राशि जमा:** ₹2,29,18,800/- **निविदा दस्तावेज की लागत:** निल **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** क्र. 1 व 2 के लिए- 10.02.2023, 15:00 बजे। ई-निविदा के संबंध में समस्त जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in और मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) कार्यालय जबलपुर के निविदा सूचना बोर्ड पर उपलब्ध है। ई-निविदा के अलावा अन्य किसी भी प्रकार की निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) , प.म.रे, जबलपुर

वैक्सीन अवश्य लगवाएं, जीवन के हर सफर को सुरक्षित बनाएं!

साधूराम विद्यालय में रोजगार मेला कल

कटनी, यशभारत। मध्यप्रदेश शासन की स्वरोजगार मूलक योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को मिल सके इस संबंध में कलेक्टर के निर्देश पर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन कल 29 जनवरी रविवार को साधूराम विद्यालय प्रांगण में लगाया जाएगा जिसमें शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को विभिन्न विभागों नवीन आवेदन एवं लाभ वितरण भी किया जाएगा। रोजगार मेले की संपूर्ण व्यवस्थाओं का कुशल संचालन उपायुक्त पीके अहिरवार के मार्गदर्शन में किया जाएगा। रोजगार मेले की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों की योजनाओं के लिए स्टॉल लगाये जायेगे। हितग्राही मूलक योजनाओं के हितग्राहियों एवं बैकर्स को आमंत्रित करना तथा पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरण कराने सहित अन्य तैयारियां भी नगर निगम प्रशासन द्वारा की जा रही हैं। महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी द्वारा अपील की गई कि रोजगार मेले में आकर योजना का लाभ प्राप्त करें।

800 से ज्यादा पोस्टकार्ड भरकर लोगों ने की मेडिकल कॉलेज की मांग

कटनी डेव्लपमेंट एसोसिएशन ने गणतंत्र दिवस पर कचहरी चौक में चलाया पोस्टकार्ड भरो अभियान

कटनी, यशभारत। जिले में शासकीय मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर कटनी डेव्लपमेंट एसोसिएशन द्वारा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के दिन कचहरी चौक में पोस्टकार्ड भरो अभियान चलाया गया। सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक महारानी लक्ष्मीबाई जी की प्रतिमा के नीचे मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर बड़ी संख्या में शहर के लोगों ने पोस्टकार्ड के माध्यम से अपनी भावनाएं प्रकट की। इस गदौरान जनता को निःशुल्क पोस्ट कार्ड वितरित किये गए। जिस पर शहर के लोगों ने मेडिकल कॉलेज की आवश्यकता को लेकर अपने अपने विचार लिखे। इस मुहिम में 879 लोगों ने पोस्ट कार्ड भरे। मुहिम करीब 5 घंटे जारी रही, जिसमें जनता को निःशुल्क मोबाइल स्टीकर्स,, निःशुल्क कार-बाइक स्टीकर्स भी लगाकर मेडिकल कॉलेज की आवाज व समर्थन को घर घर तक प्रसारित करने के उद्देश्य से कार्य किया गया, साथ ही आम जनता के बीच सेल्फी विथ पोस्ट कार्ड की भी धूम देखी गई, जहां प्रधानमंत्री को भेजे जाने वाले मेडिकल कॉलेज समर्थन, पोस्ट कार्ड के साथ सेल्फ व पफोटोज लेने का भी प्रबंध किया गया था। एसोसिएशन ने बताया कि अभी तक 9 हजार पोस्ट कार्ड भरे जा चुके हैं और पोस्ट कार्ड की शॉर्टेज के चलते 15 हजार पोस्ट कार्ड दिल्ली से मंगवाए जा रहे है। पोस्ट कार्ड प्राप्त होते हीए जल्द ही मुहिम को जिले की सभी तहसीलों में शुरू किया जाएगा। जिस तरह से जनता का समर्थन मिल रहा है। 30 हजार के लक्ष्य को बढ़ाकर 1 लाख पोस्ट कार्ड भी भरवाये जा सकते हैं। इस अवसर पर सुयश पुरवार, अजय मिहानी, शंकर साधवनी, सागर कृष्णा, रोहित कुमार, रोशन फेरवानी, प्रेम हेमनानी, जोहिब खान, आकाश गुप्ता, जगदीश आहूजा, अंकित असाटी, विशाल नागपाल, मानव कोटवानी, मोहित सोंधिया, रोहित मेहरोत्रा, गीतांशु नागवानी, नफासत खान, विजय मखीजा, आशीष गंगवानी, विवेक आहूजा, आदित्य वर्मा, अनिल सोनी, स्वप्नेश ताम्रकार, देवेंद्र ताम्रकार, आकाश सोनी, आकाश दुबे, राहुल बोधोलिया, श्रीमती राखी मिश्रा, श्रीमती श्वेता रांधेलिया व अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

पार्टी की विचारधारा से जुड़कर संगठन को मजबूत बनाने का आव्हान

कटनी, यशभारत। गणतंत्र दिवस पर आम आदमी पार्टी कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ ए के खान, युवा समाजसेवी सूरज वंशकार व सतीश पांडे ने आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा के हाथों सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने सभी संगठन में जुड़े न, साथियों को पार्टी की विचारधारा से जुड़ कर संगठन को मजबूत बनाने का आव्हान किया। इस मौके पर यूथ विंग शहर अध्यक्ष श्याम यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी निर्मल गौतम, जिला सहसचिव रामसिया गुप्ता, लकी सिंह रावत, ऋषभ पटेल, अभिषेक बजाज, सोनू गट्टानी, सुदामा इदनानी, अशोक कोष्टा,, सद्दू दाहिया, मंगल कोल, शिवचरण कुशवाहा, शरद पाल, सतानंद तिवारी, प्रशांत पांडे, इरयाज खान, सूरज रावत, प्रतीक पाठक उपस्थित रहे।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग,(भ/स) संभाग कटनी (म.प्र.)

E-mail- eepwdkatni@mp.nic.in Phone No. 07622-224277

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 17/व.ले.लि./2022-23/ कटनी, दिनांक 19/01/2023

मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्थापन के अन्तर्गत ठेकेदार से राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल की प्रभावशील दर अनुसूची दिनांक 01.12.2020 एवं समस्त संशोधन सहित (भवन) तथा दिनांक 15.09.2022 एवं दिनांक 25.03.2022 (सड़क) कार्य हेतु निविदायें आनलाईन Appendix 2.10 निविदा में आमंत्रित की जाती है बिड सेल आनलाईन https://mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी। निविदायें सम्बन्धित कार्यालय में टेण्डर टाईम शैडयूल के अनुसार खोली जावेगी।

क्र.	टेण्डर आई.डी. कमांक	जिला	एस.ओ.आर.	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	अनुमानित लागत राशि (रू.लाख में)	कार्य की अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्यपूर्ण करने की संभावित तिथी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	2023_PWDRB _246088_1	कटनी	25.03.22	सड़क कार्य	मोहला हरदुआ मार्ग में मजबूतीकरण कार्य लंबाई 0.30 कि.मी.	प्रथम	52.31	0.52310	10000.00	03 माह
2	2023_PWDRB _246090_1	कटनी	25.03.22	सड़क कार्य	स्लीमनाबाद पड़वार कुँआ मार्ग में मजबूतीकरण कार्य लंबाई 0.30 कि.मी.	प्रथम	27.33	0.27330	5000.00	03 माह
3	2023_PWDRB _246092_1	कटनी	25.03.22	सड़क कार्य	नन्हवाराकला करौंदिया मार्ग में मजबूतीकरण कार्य लंबाई 0.60 कि.मी.	प्रथम	24.37	0.48740	5000.00	03 माह
					योग		104.01			

निविदा की कुल अनुमानित राशि रूपये 104.01 लाख (एक करोड़ चार लाख एक हजार मात्र)

उपरोक्त वेवसाईट में आन लाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र कय करने तथा आनलाइन बिड सबमिशन की अंतिम तिथि 15.02.2023 सांय 17.30 बजे तक निर्धारित है। ई.एम.डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी एवं अन्य दस्तावेज केवल आनलाईन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी का विवरण शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

G-22169/22

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग(भ/स) संभाग कटनी

छात्रावास में पुस्तकालय की सुविधा मिली छात्राओं को

शासकीय बालिका छात्रावास बड़गांव में पुस्तकालय का शुभारंभ

कटनी, यशभारत। जिला प्रशासन के निर्देशन में विगत 25 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालिका छात्रावास बड़गांव में छात्राओं के नैतिक ज्ञानार्जन के उद्देश्य से पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। जनपद पंचायत रीठी के अध्यक्ष अर्पित अनुरोध अवस्थी एवं जनपद सदस्य कमलेश पटेल द्वारा फीता काटकर पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। पुस्तकालय में छात्राओं ने एक कहानी सोने का अंडा का वाचन किया। इस कहानी से क्या शिक्षा मिली, यह बात बीआरसी राकेश सिन्नरकर द्वारा छात्राओं को बताई गई। अतिथियों को मंचासीन कराकर छात्राओं द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से वार्डन अनीता श्रीवास्त, सहायक वार्डन ऊषा उपाध्याय द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंटकर किया गया। छात्राओं द्वारा मनमोहक एवं साक्षरता आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, साथ ही जिले से आई टीम द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। मंच पर उपस्थित बीईओ अनिल चक्रवर्ती, बीआरसी राकेश सिन्नरकर एवं बीएसी उमाकांत दुबे द्वारा जिला प्रशासन की इस योजना से छात्राओं को मिलने वाले लाभ के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में न प्रतिनिधियों एवं अधिकारियो ने छात्राओं के साथ विशेष भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य अनूप सिंह, तिघरा प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश जैन, प्रधानाध्यापक विष्णु चंपुरिया, टी एस ठाकुर, आर डी बेन, के पी चतुर्वेदी, आर पाण्डेय, पूर्व प्रधानाध्यापक एन एस ठाकुर की उपस्थिति रही।

यशभारत हैल्पलाइन अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033

सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली कमानियागेट कटनी,
मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)

Tuesday Offer @99/- Available On All Seats Except Recliners

From 27th January 2022

CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

मातृभाषा में फैसले की उपलब्धता जरूरी पहल

आजादी के बाद से ही आम आदमी के लिए सहज-सरल न्याय उपलब्धता के मार्ग में भाषा एक बड़ी बाधा रही है। देशवासियों की आकांक्षा थी कि जब देश अंग्रेजी दासता से मुक्त होगा तो उन्हें अपनी मातृभाषा के जरिये न्यायिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का अवसर मिलेगा। निरक्षरता के दंश से जूझते देश में तो यह और भी जरूरी था कि आम लोगों को न्यायिक फैसले मातृभाषा में सहजता से समझ में आ सकें। आजादी के अमृतकाल में जब मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ ने न्यायालय के फैसले हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराने की बात कही तो पूरे देश ने इसका स्वागत किया। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस कदम पर सकारात्मक प्रतिसाद दिया। कह सकते हैं आम जनमानस को गणतंत्र दिवस से पूर्व एक सौगात मिली है। उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधीश ने इस बात की घोषणा महाराष्ट्र और गोवा बार काउंसिल के सम्मेलन के दौरान की। उनका मानना था कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद इस अभियान में ली जाएगी, जिससे हिंदी व अन्य भाषाओं में शीर्ष अदालत के निर्णयों का अनुवाद किया जा सके। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष मुख्य न्यायाधीश का पद संभालने के बाद न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ की कोशिश रही है कि न्याय तक आम आदमी की पहुंच सरल हो। इसी क्रम में उन्होंने यह भी महसूस किया कि आम आदमी की पहुंच में न्याय होने के मार्ग में भाषायी बाधा एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने माना कि न्याय अपने उद्देश्य में तभी सार्थक साबित होगा जब वादी-प्रतिवादी की समझ में आने वाली भाषा में फैसले उपलब्ध होंगे। दरअसल, आजादी के बाद संविधान में उल्लेख किया गया था है कि संसद द्वारा कानून बनाकर अंतिम व्यवस्था देने तक सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्टों की भाषा अंग्रेजी ही रहेगी। विडंबना यह है कि देश की भाषायी जटिलताओं और इससे जुड़ी राजनीति की चुनौती के चलते कोई गंभीर पहल नहीं हो पायी है। वहीं दूसरी ओर यह अच्छी बात है कि न्याय की राह सुगम बनाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किये जाने की बात कही जा रही है, जिससे कालांतर में सूचना अंतर पाटने और भाषायी बाधा को दूर करने में प्रौद्योगिक क्षमता का बेहतर इस्तेमाल भी हो सकेगा। कायदे की बात तो यही है कि जिस भाषा में लोग समझ सकें उसी में न्याय की उपलब्धता होनी चाहिए। दरअसल, जो वादी अंग्रेजी भाषा नहीं जानते, वे इन फैसलों को सही ढंग से नहीं समझ पाते। बहुत संभव है कुछ अधिवक्ताओं को भी ऐसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता होगा। हो सकता है कि कई बार अदालत के आदेश भाषायी गफलत के चलते जटिल स्थिति उत्पन्न कर दें, जो न्याय के वास्तविक उद्देश्य के लिये सुखद स्थिति नहीं कही जा सकती। अब सुप्रीम कोर्ट की पहल से करोड़ों लोगों को लाभ मिलेगा। वहीं दूसरी ओर शीर्ष अदालत के निर्णयों का सटीक व बोधगम्य अनुवाद उपलब्ध कराना भी एक चुनौती होगी। ऐसी किसी विसंगति से बचने के लिये जरूरी है कि आधुनिक तकनीक व फुलप्रूफ सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जाए। बहरहाल, न्यायपालिका की भारत की भाषायी विविधता का सम्मान करने तथा आम लोगों के सामने आने वाली असुविधा के प्रति संवेदनशील पहल का स्वागत किया जाना चाहिए। इसके क्रियान्वयन की दिशा में अविलंब पहल भी जरूरी है। इसी तरह बीते साल सितंबर में शीर्ष अदालत ने अपनी संविधान पीठ की सुनवाई की लाइव-स्ट्रीमिंग की शुरुआत करके अदालती कार्यवाही को सावर्जनिक क्षेत्र में लाने का सार्थक प्रयास किया था। मुख्य न्यायाधीश का मानना था कि इससे कानून के शिक्षकों व छात्रों को कानून की शिक्षा के मुद्दों पर चर्चा करने में मदद मिलेगी। साथ ही वे अदालती कामकाज के व्यावहारिक पक्षों से भी अवगत हो सकेंगे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले केंद्र सरकार चिकित्सा और इंजीनियरिंग की पाठ्यपुस्तकों को क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराने की दिशा में कदम बढ़ा चुकी है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री व केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की पहल पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।

सृष्टि का यौवन है वसंत

प्रकृति का सबसे रमणीय रूप देखना हो, तो वसंत ऋतु को आत्मसात कर लो। इस समय प्रकृति में जो कुछ भी हो रहा है, उसे ध्यान से देखो। सोलह कलाओं से खिल उठने वाली प्रकृति, सौंदर्य लुटाने वाली प्रकृति सभी को लुभाती है। जिस तरह से हम प्रेम उत्सव मनाते हैं, ठीक उसी तरह प्रकृति भी अपना उत्सव मनाती है। प्रकृति के इसी उत्सव को हम वसंत कहते हैं। जो प्रकृति के साथ रहते हैं, वे भला वसंत को किस तरह से अनदेखा कर सकते हैं? उल्लास और उमंग का ही दूसरा नाम है वसंत ऋतु। वसंत यह तो सृष्टि का यौवन है और यौवन ही जीवन का वसंत है। वसंत यानी निसर्ग का छलकता वैभव। वसंत यानी जीवन खिलने का उत्सव। वसंत ऋतु यानी पेड़ों का श्रृंगार। वसंत यानी नव पल्लवित, आम्रकुंजों की महक से सुवासित उल्लास और प्रसन्नता से छलकता प्रकृति का वातावरण। इसमें गूंजने वाली कोयल की कू-कू मन को आनंदविभोर कर देती है।

वसंत ऋतु यानी सभी तरह की समानता। इन दिनों कड़कड़ाती ठंड नहीं लगती। पसीना लाने वाली गर्मी भी नहीं होती। सभी को प्यारा लगे, वैसा मौसम। जीवन का वसंत खिलता है, तो जीवन में आने वाले सुख-दुःख, जय-पराजय, यश-अपयश आदि में भी समानता रखनी चाहिए। जिस तरह से मौसम में तब्दीली देखी जाती है, ठीक उसी तरह से मानव जीवन में भी एक मौसम पतझड़ का आता है। इस दौरान यदि अपने इष्ट देवता पर दृढ़ता से विश्वास रखा जाए, तो हमारा जीवन भी खुशियों से खिल उठेगा। आशा का दीप सतत प्रज्ज्वलित रखने की सूचना वसंत ही देता है। हमारा जीवन हरियाली से युक्त होगा, इस गारंटी देता है वसंत। वसंत ऋतु एक वेदकालीन पर्व है।

वसंत यानी प्रेम, रोमांस और उन्माद का समय, क्योंकि गहरे प्रेम की शर्मीली अभिव्यक्ति यानी वसंत। प्यार की यादों की अभिव्यक्ति यानी वसंत। कहीं मां का वात्सल्य यानी प्रेम, तो कहीं समुद्री किनारे प्रेयसी के साथ हाथ में हाथ डालकर सब कुछ भूलकर बिताए गए पलों की जुगाली यानी वसंत। कहीं सब कुछ भूलकर भक्त की नवधा भक्ति यानी वसंत। इन सभी स्थानों में जहां प्रेम है, वहां है वसंत। वसंत कोई भौतिक वस्तु नहीं है, पर एक हृदय से महसूस किया जाने वाला एक अहसास है। समस्त जड़-चेतन प्रकृति में प्राण फूंकते हैं, इससे प्रकृति स्वयं ही नृत्य करने लगती है। जीवन में जिस तरह से किशोरावस्था के बाद यौवन आता है, ठीक उसी तरह से वसंत में प्रकृति पर यौवन झूमने लगता है। जब किसी को प्रेयसी की स्वीकारोक्ति मिलती है, तब उसके जीवन में वसंत का आगमन होता है, ठीक उसी तरह से वसंत में प्रकृति चारों तरफ से खिल उठती है। प्रकृति नवोदित बन जाती है। पेड़ों पर नई कोंपलें आने लगती हैं। नए पत्तों से पूरा पेड़ ही लहलहाने लगता है, ये नयनाभिराम दृश्य मन को मोह लेता है। प्रकृति नई दुल्हन की तरह पूरे श्रृंगार के साथ हमारे सामने होती है। इस दौरान मिलने वाले आनंद और उत्साह को किसी ने नापा नहीं जा सकता। प्रकृति के इस अनुपम उपहार को निहारने के लिए हम भला किसकी प्रतीक्षा कर रहे हैं?

इस ऋतु में आकाश साफ होता है। बादलों की अनुपस्थिति होती है। इसलिए रात में तारों का प्रकाश पृथ्वी पर सीधे आता है। दिन में धूप भी सुहानी लगती है। इस समय हवा में ही पागलपन भरा होता है। बातें प्रेम की ही अधिक होती है। प्रेमियों के मिलन का स्वागत पूरी प्रकृति करती है। फूल अपनी हंसी देते हैं। कोयल के कंठ से प्रेम की बोली निकलती है। फूलों की सुवास चारों और फैल जाती है। तालाब-सरोवर कमल के फूलों से ढंक जाते हैं। रात में कमल के ये फूल चंद्रमा की किरणों और भी प्यारे दिखाई देते हैं। खेतों में सरसों के फूलों को देखकर लगता है कि प्रकृति ने इन खेतों पर पीली चादर बिछा दी हो। इस ऋतु में पीले रंग का बहुत ही महत्व है। इस समय सभी को अपने प्रिय की याद आती है। वे उससे मिलने को आतुर दिखाई देते हैं। आनंद, उत्साह, स्फूर्ति इस ऋतु की देन है। पीला रंग ज्ञान का प्रतीक रूप है। ज्ञान से पवित्र कुछ भी नही है। पीला वस्त्र धारण करने के पीछे यही उद्देश्य है कि ऊर्जा हमारी बुद्धि में प्रकट हो। इस ऋतु में चंद्रमा को अपार बल प्राप्त होता है। चंद्र मन का कारक देव है। इसी कारण इस ऋतु को मधु ऋतु भी कहा जाता है, क्योंकि इस ऋतु में मधुरता का प्रसार होता है।

इस ऋतु को जीव और ईश्वर के मिलन की ऋतु कहा जाता है। शारदा पूजन से बुद्धि पवित्र होती है, उससे जीव ही पवित्र हो जाता है। यह आदान-प्रदान की ऋतु है। इस ऋतु का एक ही संदेश है-आशा के सहारे समदृष्टि से प्रकृति की गोद में खेलते-खेलते परमात्मा द्वारा की गई कृपा का सदुपयोग करने से जीवन का वसंत खिल उठेगा। वसंत के आगमन से पृथ्वी का रस वृक्षों की शाखाओं में फैल जाता है, तो फिर हमारे हृदय में प्रेम की उष्मा भी उछलेगी। यदि हम वसंत के आगमन की प्रतीक्षा करते रहेंगे, तो वसंत में जो सत्य है,वही वसंत का मन-वचन एवं कर्म से स्वागत कर सकता है।. अब वसंत को जरा हटके विज्ञान की दृष्टि से देखें। वसंत उन्माद का दूसरा नाम है। प्रकृति नया चोला पहनती है। हवा में एक तरह की ऊर्जा बहती है। युवा में इसे उन्माद के रूप में देखा जा सकता है। इस समय मानव मस्तिष्क में फिरोटीन नामक द्रव्य का स्तर कम-ज्यादा होता है। इस प्रक्रिया से ही उन्माद पैदा होता है। रोमांस को गति मिलती है।

जिस तरह से वसंत ऋतु में आम की बौर आती है, उसी तरह वसंत में उन्माद का आना स्वाभाविक है। शास्त्रों में भी लिखा है कि आम के पेड़ों पर बौर आने से मस्तिष्क हिलोरें लेने लगता है। शरीर में ऋतु के अनुसार बायोकेमेस्ट्री बदलती है। वसंत ऋतुओं का राजा होने के कारण इस दौरान मानव का मूड सबसे बेहतर होता है। प्रकृति भी इस समय नव सृजन में लग जाती है। मानव मस्तिष्क का भी नवसर्जन होता है। इस समय कोई भी व्यक्ति प्रेम में पड़ सकता है। उसमें उन्माद पैदा होता है। वह रोमांटिक होने लगता है। कई लोग इसकी अधिकता के कारण मेनिया डीसीज का शिकार हो जाते हैं। अब से एक महीने तक समय पूरे वर्ष के सर्वश्रेष्ठ महीनों में से एक होगा। टेसू के फूलों को देखकर निराश हृदय में आशा का संचार होगा। अब पूरे रास्तों पर लाल, पीले टेसू के फूलों से लबालब दिखाई देंगे। सभी प्राणियों में मनुष्यों में एक अलग ही तरह की खुशी दिखाई देगी। तो आओ, वसंत के इस झूले में झूलने की कोशिश करें। प्रकृति का खुले हृदय से स्वागत करें। इससे खुशियों के रंगों में जीना सीखें। प्रकृति का भरपूर आनंद लेकर कहें, स्वागत वसंत।

डॉ. महेश परिमल

चुनाव की तरफ बढ़ता पाकिस्तान चौराहे पर

ऐसा कभी-कभार होता है जब कभी पाकिस्तान के किसी मौजूदा या सेवानिवृत्त वरिष्ठ सिविल अथवा सेना अधिकारी ने भारत की तारीफ की हो। इसलिए पाकिस्तान के प्रतिष्ठित 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार में 13 जनवरी को एयर वाइस मार्शल शहज़ाद असलम चौधरी (सेवानिवृत्त) का लेख पढ़कर हैरानी हुई। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के लेख में चौधरी ने भारत की विदेश नीति की प्रशंसा करते हुए कहा है कि एक ओर भारत को रूस से रियायती शर्तों पर भरपूर तेल मिल रहा है तो वहीं चीन से पेश चुनौतियों से निपटने के लिए भारत-अमेरिका के निकट संबंध हैं। उन्होंने यहां तक कह डाला कि भारत ने अपने संविधान से अनुच्छेद 370, जिसमें सूबे को भले ही विवादित क्षेत्र नहीं माना लेकिन विशेष दर्जा तो दिया ही था, को हटाकर जम्मू-कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को राजनीतिक मात दी है। चौधरी ने भारत के आईटी उद्योग, अग्रणी उद्योपतियों के अलावा प्रधानमंत्री मोदी और मनमोहन सिंह की विशेष रूप से प्रशंसा की है। चौधरी ने कहा पाकिस्तान को अनुच्छेद 370 हटाने में अंतर्निहित अर्थ को बूझने की जरूरत है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में सेवानिवृत्त हुए पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल बाजवा के अमेरिका के साथ बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। बाइडेन प्रशासन और पाकिस्तानी सरकार के बीच संवाद में वे एक महत्वपूर्ण माध्यम थे और भारत से रिश्ते सुधारने के हामी भी। हालांकि लेख के पीछे एयर वाइस मार्शल चौधरी की असल मंशा क्या है, यह जानना संभव नहीं, लेकिन कोई कह सकता है कि भले ही सैन्य प्रतिष्ठान भारत के साथ संबंधों के आकलन में अपनी सरकार की 'साहसिक नीतियों' पर भरोसा जताने का दावा करे, किंतु इसकी जमीनी हकीकत और सीमाओं से अनजान नहीं है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज़ शरीफ़ को मध्यमार्गी माना जाता है परंतु वे राजनीतिक भंवर में फंसे हैं, इस साल के अंत में आम चुनाव होने हैं और इमरान खान की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है।पंजाब के मुख्यमंत्री परवेज़ इलाही, जो कि इससे पहले चुनावी राजनीति में शाहबाज़ शरीफ़ के सहयोगी रहे हैं, ने प्रधानमंत्री की तमाम कोशिशों के बावजूद इस्तीफा दे दिया है और इमरान खान के साथ जाने की घोषणा कर दी है। इससे सूबे में विधानसभा चुनाव फिर से करवाने पड़ेंगे और इमरान खान की वर्तमान लोकप्रियता से संकेत है कि उनकी तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी और सहयोगी दल निर्णायक बहुमत पा सकते हैं। अतः संसदीय चुनाव से पहले भारत-पाक अर्थपूर्ण वार्ता या कोई नया हल निकलने की संभावना क्षीण है। जगजाहिर है कि प्रधानमंत्री शाहबाज़ शरीफ़ को 'ऊपर' से संदेश मिला है कि भारत को लेकर बयानों में संयम रखें और इसकी बाकायदा पालना करते हुए वे जम्मू-कश्मीर पर पुराना राग अलापने लगे हैं और वार्ता के लिए जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 पुनः लगाने की शर्त रख रहे हैं। इसके अतिरिक्त विदेशमंत्री बिलावल भुट्टो और गृहमंत्री हिना रब्बानी खार के बयानों की तर्ज और तुर्शी को एतराज योग्य ही कहा जाएगा। इस बीच हाल ही में खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा को भंग करवाने में इमरान खान का खासा असर रहा है। पिछले दिनों प्रांत के राज्यपाल ने विधानसभा 'तुरंत प्रभाव' से भंग करने वाले दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर किए हैं।इन तमाम जटिलताओं के बीच, पाकिस्तानी वित्त मंत्री इशहाक डार और धन प्रदाता जैसे कि विश्व बैंक और आईएमएफ के बीच खिंचाव पैदा हुआ दिखाई देता है। हालांकि जेनेवा में हुए अंतर्राष्ट्रीय धन-प्रदाता सम्मेलन के बाद इनके अधिकारियों की हुई बातचीत के बाद प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ़ ने दावा किया कि मुलाकात बहुत सफल रही और बताया कि सम्मेलन ने पाकिस्तान के बाढ़ पीड़ितों के लिए 9.7 बिलियन डॉलर की मदद देना मंजूर किया है। इसके बाद यूएई ने भी पाकिस्तान को 2 बिलियन डॉलर बतौर मदद देने की घोषणा की है। यहां लगता है कि ये मुल्क पाकिस्तान और अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष के बीच चली हुई समझौता वार्ता का परिणाम देखने के बाद ही धन जारी करेंगे।पाकिस्तान में इस साल के अंत में राष्ट्रीय और सबसे ज्यादा आबादी वाले पंजाब समेत अन्य प्रांतीय चुनाव होने हैं, खैबर-पख्तूनख्वा सूबे में भी। लगता है इस बार इमरान खान की पार्टी को सिंध में भी पैर टिकाने में कुछ सफलता हासिल होगी। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ़ के निर्वासन से हाल-फिलहाल तुरूप का पत्ता इमरान खान के हाथ में लगता है। इमरान खान को आमतौर पर भारत विरोधी माना जाता है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, जिन्हें 1980 के दशक में इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्च आयोग में काम करने का अनुभव है, की वर्ष 2020-21 में तत्कालीन आईएसआई मुखिया और इमरान खान के पसंदीदा जनरल फैज़ हमीद से पर्दे के पीछे वार्ताएं हुई थीं। हालांकि फिलहाल ऐसे किसी संवाद की संभावना नगण्य है।कयास है कि इमरान खान को आगामी राष्ट्रीय चुनाव में निर्णायक जीत मिल सकती है। हालांकि इससे बाइडेन प्रशासन को मायूसी होगी क्योंकि उसे इमरान खान पसंद नहीं। संसद में बहुमत खोने से पहले इमरान खान की आखिरी मुख्य विदेश यात्राओं में एक थी रूस जाकर पुतिन से मिलना। वित्तीय संस्थान जैसे कि आईएमएफ और विश्व बैंक पाकिस्तान को कोई बड़ी आर्थिक सहायता मंजूर करने से पहले सावधानीपूर्ण नज़रसाजी करेंगे। इसके अलावा फिर से पाकिस्तान के सबसे बड़े दानकर्ता बने सऊदी अरब को भी इमरान खान की सरकार बनना रास नहीं आएगा। भारत ने साफ कर रखा है कि वह उस पाकिस्तान के साथ 'सामान्य और दोस्ताना पड़ोसी संबंध' चाहता है, जो 'आतंकवाद, शत्रु-भाव और हिंसा से मुक्त' हो। आज पाकिस्तान को बलूचों के अलावा पश्तूनों की तहरीक-ए-तालिबान ऑफ पाकिस्तान से गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, जिनकी मदद अफगानिस्तान के हमबिरादर तालिबान कर रहे हैं। आने वाला समय, जिसमें आम चुनाव होना है, पाकिस्तानी सरकार और नवनियुक्त सेनाध्यक्ष जनरल असीम मुनीर- जिनके रुख में भारत के साथ संबंधों की मुख्य कुंजी छिपी है- दोनों के लिए शंका और अनिश्चितता भरा होगा।

जी. पार्थसारथी लेखक पूर्व वरिष्ठ राजनयिक हैं।

आपका राशिफल 29 जनवरी

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-3-6-8

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक-4-6-8

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा)
अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। अपने काम पर नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना। शुभांक-4-6-8

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-2-6-9

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। शुभांक-6-8-9

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। शुभांक-4-7-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-3-6-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंग। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी। शुभांक-2-4-7

फिल्म वर्ग पहेली- 6060



ऊपर से नीचे:-
१. ऋषि, अनिल, श्रीदेवी की फिल्म-४
२. 'नील गगन पे उड़ते बादल आ' गीत वाली फिल्म-४
३. फिल्म 'मि. बॉण्ड' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
[illegible]

बायें से दायें:-
[illegible]
११. 'हम और तुम तुम और' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१४. 'कुछ लोग यहाँ पर ऐसे हैं' गीत वाली फिल्म-४
१५. मकरंद देशपांडे, शबाना, श्वेता की फिल्म-३
१६. 'जब आती होगी याद मेरी' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'शरमाए काहे घबराए' गीत वाली फिल्म-२
२९. आमिर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
३०. 'लगन लागी मन की लगन' गीत वाली फिल्म-२
३१. फिल्म 'मनोरंजन' में नायिका कौन थी-३
३२. शाहरुख, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6059

Jagrutidaur.com, Bangalore

नर्मदा प्राकट्य दिवस पर विशेष
नर्मदा है तो कल है

औद्योगिक क्रांति आई और इसी के साथ नदियों की दयनीय दशा शुरू हो गई नदियां जो बरसात में उफन पड़ती चौड़े पाट भी जिन्हें कम पड़ते उन्हें नदियों की धारा अब टिम टिमा रही है जंगलों की बेतहाशा कटाई से नदियांकुपोषण का शिकार हो गई है नर्मदा की अन्य सहायक नदियां हिरण , परियट, गौर लुप्तप्राय अवस्था और मानव के मल मूत्र से पटी पड़ी हैं नदियां अब शहरों और कारखानों की गंदगी धोने का काम कर रहीं हैं जल विषाक्त हो चला है , जलचरो का जीवन खतरे में हैं यदि मानव का अमानवीय व्यवहार ऐसा ही रहा तो आने वाले 100 सालों में नदियां सूख जाएंगे पानी दुर्लभ हो जाएगा पानी की चोरी होने लगेगी किसी दूसरे देश जा रहे बादलों का अपहरण कर लिया जाएगा अब शहर कस्बों में ताल तलैया बावड़ी आदि पूर कर कॉलोनी बनाने। का फैशन चल पड़ा है नदियों के किनारे फाइव स्टार होटल रिसोर्ट बनाए जा रहे हैं भूलना मत नदी रहेगी तो हम रहेंगे लेकिन हम तो नदियों को लपेटकर कूड़ेदान में फेंक रहे हैहम तरह-तरह से नर्मदा को प्रदूषित कर रहे हैं मशीनों से दिन-रात रेत निकाली जा रही है। नदी जितना दे सकती है उससे अधिक खसोट रहे हैं। प्राण दायिनी , जीवन दायनी ,लोक जीवन, लोकोत्सव,से जुड़ी नर्मदा का अवरुद्ध होता प्रवाह , जन मानस के जीवन को अवरूद्ध कर सकता है।मत भूलें नर्मदा है तो हम हैं , नर्मदा है तो जल है , नर्मदा है तो कल है।नर्मदा है तो जन मन का जीवन है, नर्मदा को प्रदूषण से बचाएं , जीवन स्वस्थ,वातावरण स्वस्थ बनाएं।

कहते हैं नर्मदा में पानी नहीं अमृत बहता है जो निर्मूल होते हुए भी अमूल्य है। नर्मदा का सौंदर्य नर्मदा का नहीं है भारत की अस्मिता से जुड़ा भारत के अध्यात्म का हिस्सा है। नर्मदा देवी और मां के स्वरूप में पूजनीय वंदनीय है मां नर्मदा के करोड़ों बेटे बेटियां हैं नर्मदा के तट पर हजारों साधु सन्यासी मुनि तप साधना आराधना में रत हैं। चिर कुमारी होने के कारण नर्मदा अत्यंत पवित्र नदी मानी गई है। जन मानस में अत्यधिक मान्यता होने के बाद भी इसका अंधाधुंध दोहन जारी है । नर्मदा का वाहन मगर , मगर की है। अपनी परेशानी क्योंकि अब नर्मदा में न रेत है ना पानी। हजारों वर्षों तक नदियां स्वच्छ सुंदर और पवित्र रही किंतु स्वतंत्रता पश्चात

श्री अभिमन्यु जैन
वरिष्ठ साहित्यकार, जबलपुर।

सूडोकु नवताल- 6583
★★★★★ कठिनतम

				6	8	5		
	1						2	
		2						8
			4					9
6				5				1
2					3			
5						3		
	8						6	
		4	9	1				

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6582 का हल

2	4	6	7	9	3	5	8	1
3	1	5	2	8	6	4	7	9
7	8	6	1	5	4	2	3	6
6	5	7	9	3	8	1	4	2
9	3	1	4	7	2	8	6	5
4	2	8	6	1	5	7	9	3
1	9	2	3	4	7	6	5	8
5	7	3	8	6	1	9	2	4
8	6	4	5	2	9	3	1	7



विचार प्रवाह

मीरा जहर पीकर भी नाच रही थी राणा ने विष भेजा, मीरा चरणामृत समझकर पी गई। राणा को पता चला तो उसने सैनिक को बुलाया और पूछा तुमने उसमें क्या मिला दिया था कि मीरा अभी तक जिंदा है। सैनिक ने कहा मैने कुछ नहीं मिलाया।बसइतना कहा कि राणा ने आपके लिए चरणामृत भेजा है। उसने लिया और पी गई। श्रद्धा हो तो जहर भी चरणामृत हो जाता है।

-मुनिश्री तरुण सागर

शब्द पहेली - 7612

बाएँ से दाएँ
1. सावधान, सचेत-3
3. खूबसूरत-3
5. वचन, प्रतिज्ञा-2
6. हत्या, मर्डर-2
8. तब तक, अवधि में-4
10. चरित्र, लक्षण-3
12. रूस की मुद्रा-3
13. परागकण-2
14. नाखून-2
15. छुटकारा, आजादी-3
17. तट, किनारा-3
19. ईश्वर, भगवान -4
21. अधीन, काबू-2
23. नवीन, नवजात-2
24. लेखनी, पेन-3
25. लाईन, रेखा -3

ऊपर से नीचे
1. हमेशा, सदैव-2
2. विष, जहर-3
3. गर्भ-3
4. नया, नवल-2
5. पुनरागमन-3
7. मस्ती, उछलकूद-3
8. स्वभाव, आदत-4
9. नुकसान, घाटा-2
12. कपोल, गाल-4
15. शान्ति, सन्नाटा-3
16. ताकत, दम, बल-2
18. बोलने का तरीका-3
19. प्रतिज्ञा, वचन-3
20. आज्ञापालन-3
22. वहम, संदेह-2
23. लोहे की तांत-2

शब्द पहेली -7611 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

मप्र के साढ़े 7 लाख कर्मचारियों की सैलरी बढ़ी, चुनावी साल में शिवराज का तोहफा

भोपाल यशभारत। शिवराज सरकार ने चुनावी साल में मध्यप्रदेश के साढ़े 7 लाख अधिकारी-कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने उनका डियरनेस अलाउंस 4 प्रतिशत बढ़ा दिया है। इससे बाद अब प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों को भी केंद्रीय कर्मचारियों के बराबर 38प्रश डीए मिलेगा। शिवराज सरकार 15 महीने में चार बार में 26प्रश डीए बढ़ा चुकी है। यह कर्मचारियों को साधने की दिशा में शिवराज सरकार का बड़ा कदम बताया जा रहा है। साल के आखिरी में विधानसभा चुनाव होने हैं।

पिछले सप्ताह सीएम शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के नसरुल्लागंज में अधिकारी-कर्मचारियों को महंगाई भत्ता (डीए) देने की घोषणा की थी। इसके बाद सरकार ने शुक्रवार रात में इसके आदेश भी जारी कर दिए हैं। वित्त विभाग की तैयारी के हिसाब से 4 प्रतिशत डीए के भुगतान में सरकार पर हर साल 1440 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। केंद्र सरकार पिछले साल ही अपने कर्मचारियों को 38प्रतिशत डीए दे रही है।

15 महीने में 26प्रश बढ़ा डीए

फरवरी की सैलरी में जुड़कर आएगा डीए

सातवें वेतनमान के अंतर्गत एक जनवरी 2023 से इसका फायदा मिलेगा, जो फरवरी की सैलरी में जुड़कर आएगा। मंहगाई भत्ते में 50 पैसे या उससे अधिक पैसे को अगले उच्चतर रुपए में पूर्णांकित किया जाएगा और 50 पैसे से कम राशि को छोड़ दिया जाएगा। इस संबंध में जारी हुए आदेश के मुताबिक मंहगाई भत्ते का कोई भी हिस्सा किसी भी प्रयोजन के लिए वेतन के रूप में नहीं माना जाएगा।

अब जानिए, कितना मिलेगा फायदा

600 से 9000 रुपए तक बढ़ी आएगी सैलरी

प्रदेश में नियमित शासकीय कर्मचारी 6 लाख 40 हजार हैं, जबकि 1 लाख 10 हजार वर्क चार्ज और दैनिक वेतन भोगी हैं। इस तरह इन 7.50 लाख कर्मचारियों को बढ़े हुए डीए का फायदा होगा। डीए की बढ़ोतरी का न्यूनतम 15500 रुपए वेतन पाने वालों को 625 रुपए और अधिकतम 2 लाख 15 हजार रुपए वेतन पाने वाले अफसरों को 9000 रुपए का हर महीने फायदा होगा। इनमें राज्य सरकार के सुपर क्लास-1, क्लास-1, द्वितीय श्रेणी, तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल हैं।

दो महीने पहले पेंशनर्स को सरकार दे चुकी राहत

करीब दो महीने पहले शिवराज सरकार प्रदेश के करीब साढ़े 4 लाख पेंशनर्स को सरकार ने बड़ी राहत दे चुकी है। उनके छ्क्र (डियरनेस रिलीफ यानी महंगाई राहत) में 5त्न की बढ़ोतरी की थी। पेंशनर्स को 33त्न महंगाई राहत 1 अक्टूबर 2022 से दी गई है, जो नवंबर-22 से देय हुई। वर्तमान में पेंशनर्स को 33त्न महंगाई राहत मिल रही है। इसमें न्यूनतम 400 रुपए से लेकर पांच हजार रुपए तक फायदा हो रहा है।

अब पुरानी पेंशन बना बड़ा मुद्दा

केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों के डीए में अंतर का मामला लंबे समय से कर्मचारी उठा रहे थे।

200 रुपये शुल्क के बाद भी बिना स्मार्ट चिप के जारी किए जा रहे कार्ड, लोगों ने की शिकायत

भोपाल ईएमएस। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) संबंधी कार्य एनआइसी के पोर्टल से होने लगे हैं, लेकिन सौ प्रतिशत कार्य नहीं हो पा रहे हैं। अब भी पूरी तरह से स्मार्टचिप कंपनी का काम खत्म नहीं हुआ है। इससे लोगों को पूरी तरह से आनलाइन सुविधा नहीं मिल पा रही है। लोगों की शिकायत है कि एनआइसी से बिना स्मार्टचिप लगे हुए कार्ड जारी किए जा रहे हैं। इसकी शिकायत आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप खंडेलवाल ने परिवहन अधिकारियों से की है। साथ ही इंटरनेट मीडिया पर बिना स्मार्ट चिप लगा हुआ एक पंजीयन कार्ड भी पोस्ट किया है। खंडेलवाल का कहना है कि बिना चिप लगे हुए कार्ड जारी किए जा रहे हैं और 200 रुपये स्मार्टचिप का शुल्क वसूला जा रहा है। जब एनआइसी के पोर्टल परिवहन सारथी के जरिए वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस बनने लगे हैं और वाहन-चार पोर्टल से वाहनों के पंजीयन होने लगे हैं तो बिना स्मार्ट चिप के कार्ड जारी करे लोगों से 200 रुपये क्यों लिए जा रहे हैं? इसे बंद किया जाए। इस संबंध में उप परिवहन आयुक्त अरविंद सक्सेना का कहना है कि नई व्यवस्था को पूरी तरह से पटरी पर आने में समय लगता है। अभी वाहन-चार से बिना स्मार्टचिप लगे हुए प्लास्टिक के कार्ड जारी किए जा रहे हैं। देश में सभी जगह एक जैसे ही वाहनों के पंजीयन कार्ड जारी होने लगे हैं। पहले स्मार्टचिप लगी होती थी, क्योंकि हर प्रदेश के अलग-अलग पोर्टल से आनलाइन काम होता था। नई व्यवस्था में पंजीयन कार्ड को तभी जारी किया जाता है, जब डीलर संबंधित वाहन मालिक की पूरी जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध कराए। ऐसे में कार्ड पर दर्ज नंबर से पूरी जानकारी आ जाती है, उसे देश में कहीं भी देख सकते हैं। अभी पूरी तरह से एनआइसी से काम शुरू नहीं हुआ है, जो जल्द ही होगा। इसके बाद सभी कार्ड बिना चिप के ही जारी होंगे। फिर भी जो खामियां आ रही हैं, उन्हें जल्द दूर किया जाएगा।

भोपाल में 11 हजार दीपों से हुई मां नर्मदा की महाआरती

भोपाल यशभारत। राजधानी के नरेला विधानसभा क्षेत्र में नर्मदा जयंती की पूर्व संध्या पर सैकड़ों लोग उमड़े। अशोका गार्डन स्थित नर्मदा परिक्रमा पार्क पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा पहुंचा। इस दौरान 11 हजार दीपों के साथ मां नर्मदा का आरती की गई। शुक्रवार शाम नर्मदा जयंती की पूर्वसंध्या पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री और स्थानीय विधायक विश्वास कैलाश सारंग की उपस्थिति में नर्मदा अष्टकम का पाठ शुरू हुआ। इस दौरान हजारों की संख्या में नरेला वासियों ने एक स्वर में त्वदीय पाद पंकजम्...नमामि देवी नर्मदे का उद्घोष किया। वातावरण नर्मदामय हो गया। इस अवसर पर मंत्री सारंग ने कहा कि वर्ष 2008 के पहले नरेला विधानसभा में जल का संकट था। क्षेत्र के नागरिकों को पेयजल के लिये पानी के टैंकरों पर निर्भर होना पड़ता था। तब उन्होंने नरेला के हर घर में नर्मदा जल पहुंचाने का संकल्प लिया। जनता के सहयोग से यह संकल्प पूरा हुआ। आज यह हम सबका सौभाग्य है कि मां नर्मदा नरेला के हर घर में निवास करती हैं। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा ने नरेला को जलसंकट मुक्त कर क्षेत्रवासियों की प्यास बुझाई है, यह सभी कर्त्तव्य है कि हम मां नर्मदा के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करें।

जेवर चमकाने का झांसा देकर बुजुर्ग महिला से एक लाख की चेन लेकर फरार हुए बदमाश

भोपाल, ईएमएस। राजधानी के गोविंदपुरा थाना क्षेत्र में स्थित थ्री बी साकेत नगर में 71 साल की वृद्ध महिला को झांसा देकर शातिर बदमाश उसकी सोने की चेन लेकर चंपत हो गए।बदमाश उनके घर जेवरात चमकाने का कहकर पहुंचे थे। शिकायत मिलने के बाद उक्त मामले में पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद इसमें धोखाध?ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाएगा।गोविंदपुरा थाना प्रभारी लोकेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि मंजू श्रीवास्तव (71) साकेत नगर, पंचवटी मार्केट के पास रहती हैं। 24 जनवरी की दोपहर वह अपने घर के बाहर खडी थी, तभी दो युवक बाइक से पहुंचे और उन्होंने जेवर चमकाकर साफ करने की बात कही। मंजू ने उन्हें मना कर दिया और वह उनके पीछे-पीछे आकर जिद करने लगे। मंजू ने उन्हें पुराना हवनकुंड दिया तो वह कहने लगे कि यह काफी पुराना है और तांबे का नहीं है। इसके बाद मंजू ने उन्हें अन्य तांबे के बर्तन दिए। उन्होंने बरतन चमकाकर साफ कर दिए। इस बीच एक युवक बाहर निकला और बाइक पर बैठ गया।

अब सर्द हवाओं से कांप रहा मप्र, ग्वालियर दतिया-छतरपुर में कोल्ड-डे

भोपाल यशभारत। बारिश और घने कोहरे के साथ अब मध्यप्रदेश सर्द हवाओं से कांप उठा है। प्रदेश के कई शहरों में कोल्ड वेव चल रही है। शनिवार को ग्वालियर, छतरपुर और दतिया में कोल्ड-डे रहेगा। भोपाल, इंदौर-जबलपुर भी ठंडे रहेंगे। इससे स्कूलों में छुट्टी घोषित हो सकती है। 28 जनवरी से प्रदेश में बारिश का नया सिस्टम एक्टिव हो जाएगा। इससे फरवरी के पहले सप्ताह तक बारिश का दौर जारी रह सकता है।मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, भोपाल, चंबल और ग्वालियर संभाग के जिलों में शनिवार को कोहरे का असर रहेगा। भोपाल, रायसेन, राजगढ़, सीहोर, विदिशा, अशोकनगर, शिवपुरी, दतिया, गुना, ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर और भिंड में कहीं-कहीं कोहरा छाया रहेगा। प्रदेश का ग्वालियर सबसे ठंडा है। यहां दिन और रात दोनों तापमान में ही गिरावट आई है। वहीं, बारिश का असर भी है। शुक्रवार को भी ग्वालियर में कोल्ड-डे रहा। शनिवार को भी मौसम ऐसा ही रहेगा। यहां 14 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से सर्द हवाएं चलेंगी। छतरपुर और दतिया में भी शीतल दिन यानि कोल्ड-डे रहेगा।पिछले एक सप्ताह से आधे प्रदेश में बारिश का दौर चल रहा है। खासकर भोपाल, विदिशा, नर्मदापुरम, रायसेन, भिंड, ग्वालियर, सीहोर, देवास, अशोकनगर, दतिया, हरदा, शिवपुरी, खंडवा, खरगोन, राजग?, बुरहानपुर, गुना, छतरपुर, सागर, टीकमगढ़, रीवा, पन्ना, कटनी, दमोह, सीधी, सतना, जबलपुर, निवा?ी भींग गए हैं। शुक्रवार को मौसम सामान्य रहा। बादल जरूर छाए रहे और सर्द हवाएं चलती रही।

प्रदेश में सबसे ठंडा दतिया, पारा 4 डिग्री बारिश, सर्द हवाओं के साथ अब ठंड का असर फिर से ब?ना शुरू हो गया है। शुक्रवार की रात में दतिया, ग्वालियर समेत कई शहरों में पारा 5 डिग्री के नीचे पहुंच गया। सबसे ठंडा दतिया रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4 डिग्री दर्ज किया गया। ग्वालियर में 4.3, नौगांव में 6.2, गुना में 7.0, खजुराहो में 6.5, रीवा में 8.4, सतना में 9.4, राजगढ़ में 9.5, रतलाम में 9.6 सागर में 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी भोपाल में पारा 12.8, इंदौर में 13.8 और जबलपुर में 12.6 डिग्री तापमान रहा।

मध्य प्रदेश में उद्योग लगाने पर तीन साल तक सारी अनुमतियों से छूट

भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश सरकार ने निवेशकों को कानूनी राहत देते हुए त्मध्य प्रदेश उद्योगों की स्थापना और परिचालन का सरलीकरण अध्यादेश 2023' जारी किया है। इसके तहत राज्य में उद्योग लगाने के लिए अब तीन साल तक किसी भी कानूनी अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। इस अवधि में किसी भी सरकारी अधिकारी-कर्मचारी को इन उद्योगों के निरीक्षण का अधिकार नहीं होगा। तीन वर्ष इन उद्योगों को केंद्रीय कानूनों के अंतर्गत भी अनिवार्य अनुमतियों से छूट रहेगी। अध्यादेश में कहा गया है कि राज्य सरकार एक त्राज्य स्तरीय साधिकारी समितिज (एसएलईसी) गठित करेगी, जो निवेश प्रस्ताव के आधार पर उद्योगों को एक प्रमाण पत्र जारी करेगी। इसके आधार पर निवेशक अपने उद्योग की स्थापना का काम प्रारंभ कर सकेंगे। उद्योग संबंधी किसी भी तरह का विवाद सामने आने पर यह समिति ही उसका निपटारा करेगी। राज्य के राजस्व, नगरीय निकाय, पंचायत राज, श्रम, विद्युत, वाणिज्यिक कर, पर्यावरण, प्रदूषण नियंत्रण मंडल, जल संसाधन सहित सभी विभागों की अनुमति से छूट होगी। अध्यादेश में कहा गया है कि उद्योग तीन वर्ष तक आवश्यक सभी अनुमति प्राप्त कर लेंगे। बता दें कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में घोषणा की थी कि मध्य प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए तीन साल तक आवश्यक अनुमति नहीं लेनी होगी। समिट के 15 दिनों के अंदर राज्य सरकार ने इस बारे में अध्यादेश बनाकर जारी कर दिया। विधानसभा के बजट सत्र में इसके लिए विधेयक लाया जाएगा। इसके अलावा जिन विभागों की अनुमति से छूट दी गई है, उनके कानूनों में संशोधन के लिए भी विधेयक लाए जाएंगे। - ऐसे उद्योगपति जिन्होंने प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए प्रस्ताव दिए हैं, उन्हें नोडल एजेंसी द्वारा अभिस्वीकृति प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा। इस सर्टिफिकेट के आधार पर वे उद्योग के निर्माण का काम प्रारंभ कर सकेंगे।

अध्यादेश जारी, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनेगी उच्च स्तरीय समिति

प्रदेश में पहली बार सेरोगेट मदर बनी यूरोपियन नस्ल की गाय

भोपाल, यशभारत। भोपाल के मदर बुल फार्म में पहली बार होल्सटीन फ्रीजियन नस्ल की गाय सेरोगेट मदर बनी है। इस विदेशी नस्ल की गाय ने एक बछ? को जन्म दिया है। यह लैब में तैयार पहला एंब्रियो था, जिसे पिछले साल 13 अप्रैल को इस गाय में प्रत्यारोपित किया था। मप्र राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम के एमडी डॉ. एसबीएस भदौरिया ने बताया कि इस एंब्रियो के लिए गिर गाय से अंडाणु और सांड से सामान्य सीमन लिया गया था। जिसका सुखद परिणाम आया है। वहीं जिस समय एंब्रियो तैयार किया गया उस समय तक सेक्स सॉर्टेड सीमन तकनीक ईजाद नहीं हुई थी। केरवा रोड स्थित मदर बुल फार्म आईवीएफ लैब 2019-2020 में स्थापित की गई है। लैब इंचार्ज डॉ. आनंद सिंह कुशवाहा ने बताया कि कोरोना की वजह से प्रोजेक्ट में कई बाधा आई। उपकरण भी नहीं थे। एंब्रियो तैयार करने में यूज होने वाला मीडियम (रसायनिक पदार्थ) जल्दी खराब हो जाता था। वहीं सरोगेसी के लिए पैरेंट्स गाय और सांड के अंडाणु और सीमन सिंक्रोनाइज नहीं हो पाते थे। जिस वजह से एंब्रियो तैयार होने में समय लगा। पहला एनिमल एंब्रियो जनवरी 2022 में तैयार हुआ। कुल 22 एंब्रियो तैयार हुए थे।5 गाय ने किया कंसीव- डॉ. पल्लवी चौबे ने बताया कि कोरोना प्रोटोकॉल खत्म होने के बाद ही जर्मनी, यूएस आदि जगहों से जरूरी उपकरण और रासायनिक पदार्थ मिल पाया। दो साल के प्रयासों के अप्रैल 2022 में एंब्रियो को विदेशी नस्ल की गाय होल्सटीन फ्रीजियन में भ्रूण प्रत्यारोपित किया। 22 भ्रूण प्रत्यारोपण में से सिर्फ 5 गायों ने ही कंसीव किया। पहला प्रत्यारोपित एंब्रियो से बछड़ा पैदा हुआ। चूंकि यह प्रयोग पहली बार हुआ। अब लैब में केवल बछिया के एंब्रियो तैयार किए जाएंगे।5 गाय ने किया कंसीव- डॉ. पल्लवी चौबे ने बताया कि कोरोना प्रोटोकॉल खत्म होने के बाद ही जर्मनी, यूएस आदि जगहों से जरूरी उपकरण और रासायनिक पदार्थ मिल पाया। दो साल के प्रयासों के अप्रैल 2022 में एंब्रियो को विदेशी नस्ल की गाय होल्सटीन फ्रीजियन में भ्रूण प्रत्यारोपित किया। 22 भ्रूण प्रत्यारोपण में से सिर्फ 5 गायों ने ही कंसीव किया। पहला प्रत्यारोपित एंब्रियो से बछड़ा पैदा हुआ। चूंकि यह प्रयोग पहली बार हुआ।

आईवीएफ तकनीक से बछड़े को दिया जन्म

नल-जल योजना में कमी वहां के अधिकारियों पर गिरेगी गाज

भोपाल (यश भारत)। स्कूलों में नलों में प्लास्टिक टोंटी के स्थान पर जीआइ टैग की टोटी लगाई जाएं। केवल आंकडे के आधार पर नहीं, कार्य हकीकत में होना चाहिए। जिस जिले में नल-जल योजना में कमी मिलेगी, वहां के संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश संभागायुक्त माल सिंह ने कार्यालय में बैठक में हर घर नल-जल योजना की समीक्षा के दौरान शुक्रवार को दिए। समीक्षा बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदर्शन कुमार सोनी, पीएचई, जल निगम, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन भोपाल संभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

संभागायुक्त ने कहा कि जल जीवन मिशन के औचक निरीक्षण करने के लिए मैं भी संभाग स्तर पर भ्रमण करूंगा, जिससे वस्तु स्थिति ज्ञात होगी। अधिकारियों को प्रतिस्पर्धा और लगन से कार्य करने के लिए कहा है। पीएचई के अधिकारियों से कहा कि नल-जल योजना में भोपाल संभाग एवरेज कार्य कर रहा है। अब इसे प्रदेश में एक दो तीन नंबर पर लाने का प्रयास करें और इसके लिए लक्ष्य बनाकर कार्य करें।रू संभागायुक्त ने कहा कि प्रत्येक ग्राम में ग्रामीण नल-जल योजना के संचालन एवं संधारण के लिए समूहों को ब्लाक स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाए। इसके लिए एक माड्यूल तैयार किया जाए। जिस ग्राम में नल-जल योजना का संचालन समूहों द्वारा अच्छे से किया जा रहा है, वहां जाकर उनके कार्यकलापों को देखा जाए और उसी तरह ट्रेनिंग के माध्यम से सभी समूहों को प्रशिक्षण दिया जाए।

विकास यात्रा को लेकर सीएम की नेताओं-अफसरों को दो टूक

शिवराज बोले, ये उड़न छू यात्रा नहीं, पूरा समय देकर हितग्राहियों से चर्चा करें

भोपाल, यशभारत। मप्र में 5 फरवरी से शुरु हो रही विकास यात्रा को लेकर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी कलेक्टर्स, कमिश्नर, मंत्रियों, विधायकों से लेकर वार्ड और पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चर्चा की। सीएम ने विकास यात्रा को पूरी गंभीरता से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा- इस यात्रा की औपचारिकता न निभाएं।

हमें उडन छू यात्रा नहीं करनी है कि गए और 5 मिनट भाषण देकर निकल लिए। लोगों को लगे कि हमारी सेवा के लिए आए हैं और सेवा करना है जो रह गए हैं उनके नाम जोडने हैं। सीएम ने कहा- मंत्रियों, विधायकों के अलावा शहरी और ग्रामीण निकायों के जनप्रतिनिधियों को बसंत पंचमी और गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा- लगातार पिछले कई सालों से मप्र में विकास का महायज्ञ चल रहा है। अलग-अलग स्तर पर गांव हो, शहर हों या छोटे कस्बे हों सड़कों का जाल बिछ रहा है। अपने प्रदेश में 66 करोड की सिंचाई योजनाओं पर काम चल रहा है। घर-घर पानी देने के लिए नल-जल योजनाओं में 56 हजार करोड रूपए के काम चल रहे हैं। स?को में हम 50 हजार करोड के काम चल रहे हैं। बड़े महानगरों से लेकर छोटे नगरों ग्राम पंचायतों में 50 लाख रुपए तक के काम चल रहे हैं। एक सरकार ऐसी भी आई थी जिसने वित्त आयोग का पैसा पंचायतों को देना बंद कर दिया था। नए सरपंच ये जानते नहीं होंगे। मैंने आते ही सबसे पहले वो पैसा रिलीज करके पंचायतों को दिया था। पंचायतों के जनप्रतिनिधि अच्छा काम कर सकें इसके लिए भी हमने पिछले दिनों योजना बनाई थी। विकास और कल्याण के कामों को जन-जन तक पहुंचाना है। अपनी प्राथमिकता विकास और जनता की सेवा है।

जरूरत पड़े तो 25 फरवरी से आगे भी चला सकते हैं विकास यात्रा

सीएम ने कहा- 5 फरवरी संत रविदास जयंती मनाकर यात्राएं शुरु होंगी 25 फरवरी तक चलेंगी। ये आगे भी चल सकतीं हैं। यात्राओं में विकास पताका, विकास रथ चलेंगे। इन यात्राओं में सरकार के कामों का प्रचार-प्रसार हो ताकि जनता लाभ उठा सके। प्रभारी मंत्री ये तय करेंगे कि कहां विकास यात्रा किसके संयोजन में चलेगी। प्रभारी मंत्री से चर्चा कर कलेक्टर ये व्यवस्था करेंगे। रथ में माइक, ऑडियो विजुअल की व्यवस्था करें। सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता, वॉलेंटियर, योजनाओं के हितग्राही और नागरिक शामिल होंगे।सीएम ने कहा विकास यात्रा के पहले प्रभारी मंत्रियों को पूरे दौरे करके व्यवस्था बनानी है यदि न बनाई हो तो तत्काल बनाकर मुझे रिपोर्ट करें कि विकास यात्रा का रुट क्या है। यात्रा में रुट का निर्धारण, ग्रामीण क्षेत्र से गुजर रही है और दो-तीन गांवों के लोग बुलाना है तो रूट व्यवहारिक रहे। रूट ऐसा भी न बना देना कि एक दिन में 20 गांव। ये उडन छू यात्रा नहीं हैं। वार्ड में भी जाएंगे तो समय चाहिए। वार्ड में भी जाएंगे तो समय चाहिए।

सीएम ने नोट कराए विकास यात्रा में होने वाले काम

सीएम ने कहा- विकास यात्रा में जो काम करने है वो नोट कर लें। विकास कार्यों का शिलान्यास, लोकार्पण इसके बारे में जनता को पूरी जानकारी मिले। वार्ड,पंचायत में होने वाले कामों की पूरी सूची लग जाए इससे ट्रांसपेरेंसी आएगी। सीएम जनसेवा अभियान में जितने नए लोगों के नाम जुड़े हैं तो उन्हें स्वीकृति पत्र देना है। फोल्डर में रखकर स्वीकृति पत्र दिए जा रहे हैं। हितग्राही सम्मेलन करें। जितनी योजनाओं के हितग्राही हैं उन्हें सभा में बुलाएं। एक दिन पहले घर-घर खबर कराएं। हितग्राहियों से संवाद करें। अगर कोई पात्र हितग्राही छूट गया हो तो उसका नाम नोट करना है।

गणतंत्र दिवस पर महापौर ने शहर वासियों को दी सौगात

6 अवैध कालोनियां हुई वैध

तेरह अवैध कालोनी के ले आउट प्रकाशित, सभी 91 कालोनी को वैध करने की प्रक्रिया तेज

कटनी, यशभारत। कटनी कई साल से कटनी में 91 अवैध कॉलोनियों के हजारों नागरिकों को जीवनचर्या की मूलभूत सुविधाओं से वँचित रहकर नारकीय यातना भुगतनी पड़ रही है जिसमें अब जाकर सुविधाओं और राहत के रास्ते खुलने लगे हैं आधा दर्जन अवैध कॉलोनियों को वैध कालोनी में परिवर्तित करने की प्रक्रिया गणतंत्र दिवस पर पूरी कराने में संवेदनशील महापौर प्रीति संजीव सूरी को सफलता मिली है शेष 85 बची अवैध कॉलोनियों को भी वैध कराने की प्रक्रिया तेजी से कराई जा रही है ताकि यहाँ रहने वाले नागरिकों को सड़क बिजली पानी और नियमित सफाई की सुविधाएं मिलने लगें नालियों का निर्माण हो और मकानों के नक्शे पास हों स मेयर और नवनिर्वाचित नगर निगम परिषद ने गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर शहर वासियों को 6 अवैध कालोनियां वैध करने की सौगात दी है विस्तृत जानकारी के अनुसार नगर पालिक निगम द्वारा नगर में 91 अवैध कॉलोनियों में नागरिक अधोसंरचना उपलब्ध कराने हेतु चिन्हित किया गया है स जिसमें से 76 कालोनियों के लेआउट तैयार कर प्रकाशन किया जा चुका है । इनमें से 13 कालोनियों के लेआउट को अंतिम रूप दे दिया गया है। जिसमें से 6 कालोनियों में भवन निर्माण अनुज्ञा की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।

इन कालोनियों के नक्शे पास करने की प्रक्रिया आज से आरंभ होगी

महापौर द्वारा की गई वैध कालोनियों में वार्ड क्रमांक 15 निमिया मोहल्ला में नंदकिशोर पिता दुर्जन चौधरी द्वारा निर्मित कालोनी वार्ड क्रमांक 4 श्रीमती त्रिवेणी बाई पति बाबूलाल विश्वकर्मा एव बुद्धसेन पिता रामअवध पांडे जगन्नाथ प्रसाद पिता बद्री प्रसाद मंगल काछी पिता गुलाब काछी निवासी आधारकाप जगमोहनदास वार्ड क्रमांक 11 द्वारा निर्मित की गई कालोनी एवम श्रीमती गीतिका पति अमित कुमार जैन अंबेडकर वार्ड द्वारा निर्मित की गई कॉलोनियों में नगर निगम द्वारा भवन निर्माण अनुज्ञा की कार्रवाई आज से प्रारंभ की जा रही है। कॉलोनी के हितधारको भूखंड भवन के स्वामियों से निर्धारित की गई विकास शुल्क की राशि नगर निगम द्वारा वसूल करने की कार्रवाई की जाएगी । इसके पश्चात कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

खेलों से होता है शारीरिक और मानसिक विकास

कटनी, यशभारत। कटनी डिस्ट्रिक्ट मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन कदमा द्वारा फॉरेस्टर खेल मैदान के बैडमिंटन हॉल में नव वर्ष मिलन समारोह व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एस के शर्मा थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में खेलो के महत्व व शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की, विशिष्ट अतिथि विनय दीक्षित व अजीत कुमार खरे ने कदमा द्वारा आयोजित खेल गतिविधियों की सराहना कर भविष्य में सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। सर्वप्रथम सभी नए व पुराने सदस्यों का परिचय कराया गया सभी ऑफिशियल व सहयोगियो को सम्मानित किया गया। जगदीश प्रसाद गुप्ता ने सीटी के माध्यम से गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात संघ अध्यक्ष राजेश मनोध्या ने संस्था द्वारा विगत वर्षो में की गई खेल गतिविधियों व उपलब्धियों की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की संघ के कोषाध्यक्ष के.एल. कनकने ने संघ द्वारा सायना इंटरनेशनल स्कूल के खेल मैदान में आयोजित 8वीं स्व. डॉ. एलिक पैट्रिक जॉर्ज मेमोरियल अंतर जिला मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियो को धन्यवाद दिया। संघ सचिव अलोक कुमार जूडराज जोसफद्वारा इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सायना इंटरनेशनल स्कूल कमेटी, प्राचार्य आदित्य कुमार शर्मा, खेल अधिकारी दीपक बल्यानी, पिंकी बल्यानी, सुनील रजक समस्त स्टाफ, नेचर्स स्कूल की प्राचार्य श्रीमति रानी राव, कटनी शहर के दानदाताओं, सहयोगियों, विभिन्न शालाओं के पीटीआई, पत्रकार बंधुओं, खेल एवं युवा कल्याण विभाग का आभार प्रदर्शन किया तथा बार्डस्ले स्कूल के छात्रछात्राऐ आयुषी दुबे, आरयांश कुमार श्रीवास्तव, कौशिकी सुहाने, टूषा मेहरा, संजना सेन, मृदुल तिवारी, वंश विश्वकर्मा, महफूज खान, प्रखर अग्रवाल, विवेक पटेल द्वारा किए गए ऑफिसेटिंग की सराहना की। इस समारोह में सह सचिव देवी सिंह डब्बू आशीष श्रीवास्तव, जगत सिंह बिष्ट, बृजमोहन प्यासी, संजय खंडेलवाल, संजय गिरी, विभाष पाटिल, राजेंद्र बरसैया,अनिल नेमा, आशीष पाल, राजाराम यादव, सत्येंद्र शर्मा,राज किशोर पटेल, राकेश कुमार चौधरी, विनोद कैथवास, प्रवीण कुमार चक्रवर्ती, राकेश कुमार यादव, विनोद रजक, नवीन जग्गी, अशोक राव, हैण्ड्री नथानियाल जोयल, राजेंद्र सिंह, रवि प्रकाश साई, गीतांजलि महेंद्र, महेंद्र कुमार जाडिया, नितिन जयसवाल, राजकुमार सोनखरे, एसएन चौधरी, अर्चना मनोध्या, नीतू निषाद, साध्वी निगम, मयूर एंथोनी, अब्दुल ईस्ताक, सुशील श्रीवास, गरिमा मैनी, संजय गुप्ता, कल्लू बाजपेई, कपिल, अमित विश्वकर्मा, लकी वाधवानी, आयुष सेन की उपस्थिति थी।

खेलो इण्डिया यूथ गेम

तिलक महाविद्यालय में परंपरागत खेलों का आयोजन

कटनी, यशभारत। खेलो इण्डिया यूथ गेम-2022 का आयोजन मध्यप्रदेश द्वारा 30 जनवरी से लेकर 10 फरवरी 2023 तक 08 जिलों में सम्पन्न होगी। इस खेल प्रतियोगिता के तहत महाविद्यालय के विद्यार्थियों को खेलों की ओर जागरूक करने के लिए 25जनवरी को परंपरागत खेलों का आयोजन किया गया। इन खेलों के माध्यम से विद्यार्थी को बचपन में खेले जाने वाले खेलों से अवगत कराकर उनके अंदर खेलों के प्रति रूचि बढाने का प्रयास किया गया। महिला एवं पुरूष दोनों वर्ग में आज पिट्ठुक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों द्वारा बढ-चढकर सहभागिता की गई। साथ ही विद्यार्थियों के बीच कक्षावार खेलों इण्डिया यूथ गेम के उपर परिचर्चा की गई जिसमें विद्यार्थियों ने रूचि लेते हुए प्रश्नों को भी पूछा। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसकेखरे के निर्देशन और मार्गदर्शन में डॉ. राजकुमार, क्रीडाधिकारी द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सीईओ ने दिलाई शपथ

कटनी, यशभारत। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारी मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ का वाचन करते हुए सीईओ श्री गेमावत ने कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस दौरान विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय ध्वज लेकर छात्रों ने किया भ्रमण

कटनी, यशभारत। गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त शासकीय, अशासकीय शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण उपरांत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य श्रीमति सरस्वती मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके उपरांत छात्रों द्वारा सामूहिक राष्ट्रीय ध्वज लेकर एनसीसी केडेटसो द्वारा मार्च पास्ट करते हुए नगर भ्रमण किया गया। संकट मोचन चोक मेन रोड से अंधा मोड़, आजाद चौक स्थित जय स्तंभ में ध्वजारोहण के उपरांत समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रगीत गायन कर गगन भेदी राष्ट्रीय नारे लगाते हुए जुलूस जनपद पंचायत प्रांगण पहुंचा, जहां जनपद अध्यक्ष श्रीमति सुधा कोल द्वारा ध्वजारोहण कर ध्वज को सलामी दी गई। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष उदयराज सिह चौहान, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति वसुधा मिश्रा, सीईओ सुरेन्द्र तिवारी सहित समस्त अधिकारी कर्मचारियो पार्षदो की उपस्थिति रही।

नालंदा विद्यालय में गीत, नृत्य एवं भाषण की प्रस्तुति

कटनी, यशभारत। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में नालंदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिविल लाइन कटनी में विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ । महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण करने के पश्चात प्राचार्या महोदया द्वारा ध्वजारोहण किया गया । इसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संदर्भ में गीत, भाषण, नृत्य आदि की प्रस्तुति छात्र-छात्राओं के द्वारा की गई । इसके पश्चात मिष्ठान वितरण किया गया । प्राचार्या श्रीमती भारती निगम ने अपने उद्बोधन में संविधान के पालन की प्रेरणा देते हुए गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। आज ही बसंत पंचमी होने के कारण गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों के उपरांत सरस्वती पूजन का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ । विद्यालय प्राचार्या के साथ-साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं ने पूजन में हिस्सा लिया । पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

शिकागो पब्लिक स्कूल में मना बसंतोत्सव एवं गणतन्त्र दिवस

कटनी, यशभारत। स्थानीय माधवनगर स्थित शिकागो पब्लिक स्कूल में छात्रों व अभिभावकों की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ 74वां गणतंत्र पर्व तथा बंसतोत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम शाला संचालक मोहन दास नागवानी द्वारा ध्वजारोहण किया गया व गणतंत्र दिवस की महता बताते हुए छात्रों को देश के संविधान की जानकारी दी। इस अवसर पर नन्हे मुन्नों ने आकर्षक पी.टी का प्रदर्शन कर सब का मन मोह लिया। छात्राओं द्वारा आकर्षक देशभक्ति पूर्ण नृत्य का प्रदर्शन किया। आज ही बसंत पंचमी के अवसर पर मॉ सरस्वती जी का पूजन-अर्चन कर शुभाशीर्वाद लिया। इस अवसर को सफल बनाने से सभी शिक्षको का सहयोग रहा।

विश्व की सबसे बड़ी युवा शक्ति भारत के पास- डॉ. शर्मा

हर्षोल्लास के साथ मना सायना में सरस्वती पूजन व गणतंत्र दिवस समारोह

कटनी,यशभारत। सायना इंटरनेशनल स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. आदित्य कुमार शर्मा प्राचार्य सायना इंटरनेशनल स्कूल, एवं मैनेजैंट प्रतिनिधि रिषि अरोरा के आगमन से हुआए जिनका स्वागत समन्वयक डॉ. लोकेश दुबे, कमल सरेचा एवं श्रीमती रीत मोंगा ने स्कूल बैंड की सुमधुर ध्वनियों के बीच किया। स्वागतोपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं स्कूल बैंड की सुंदर प्रस्तुति के साथ राष्ट्रगान हुआ। तदोपरान्त मुख्य अतिथि सहित छात्र पदाधिकारियों ने चारों सदनों व एनसीसी के मार्च पास्ट का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि का स्वागत छात्राओं द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। तदोपरान्त सायना किड्स प्रभारी डॉ.भारती शर्मा सहित अतिथियों ने मंत्रोच्चार के बीच माता सरस्वती का पूजन कर बसंत पंचमी की शुभकामनाएं प्रेषित की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में सरस्वती वंदना के बाद वेस्टर्न डांस, क्लासिकल डांस एवं हिन्दी गायन के उपरांत कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों नेहल अग्रवाल व जय यादव के ओजपूर्ण भाषण ने समां बाँध दिया। मुख्य अतिथि डॉ. शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर शिक्षा व स्वच्छता के साथ नैतिकता पर जोर देते हुए कहा कि आज भारत की तस्वीर बदल गई है। भारत पहली बार जी-20 की मेजबानी करने जा रहा है। अब हम सैन्य उपकरणों के मामले में न केवल आत्मनिर्भर हो गए हैं बल्कि निर्यात करने में भी सक्षम हैं। विश्व की सबसे बड़ी युवा शक्ति भारत के पास है। जिसे नई दिशा देने के लिए कौशल आधारित शिक्षण मील का पत्थर साबित होगा। व्यवसाय के क्षेत्र में नवाचार करते हुए स्टार्टअप का प्रारंभ भी बदलते भारत को दृढ़ कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन पल जैन, अन्वेषा सोनी, गौरी नायक एवं ध्रुव श्रीवास ने किया। ध्रुव श्रीवास की मातृभूमि को समर्पित काव्य पंक्तियों ने खूब तालियां बटोरी। हैड बॉय राजीव गौतम और हैड गर्ल गुरजस कौर लाम्बा ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के संयोजक शिवकुमार सिंह ने सभी को धन्यवाद दिया। वंदे मातरम के गायन से कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर सायना की चेयरपर्सन डॉ. श्रीमती निधि पाठक, पूर्व महापौर एवं सचिव श्रीमती निर्मला सत्येन्द्र पाठक, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक पूर्व राज्यमंत्री म.प्र. शासन, एम.डी. वरुण गौतम, समस्त स्टाफ एवं अभिभावकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

छात्रों को बताया देश का संविधान

कटनी, यशभारत। बारडोली जनकल्याण एवं विकास समिति द्वारा संचालित बारडोली महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस में ध्वजारोहरण का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । ध्वजारोहण बारडोली महाविद्यालय के संचालक विनोद विलौहा द्वारा किया गया इस अवसर पर बारडोली महाविद्यालय के संरक्षक सुनील उपाध्याय, प्राचार्य डॉ.रागिनी सिंह श्रीमति श्वेता उपाध्याय जी उपस्थित रहें कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पष्चात मॉ सरस्वती एवं भारत माता जी, नेता जी सुभाष चन्द्र बोस, भगत सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्प माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनोद विलौहा ने छात्रों को गंणतत्र दिवस के महत्व से अवगत कराया । सुनील उपाध्याय ने छात्रों को देष के संविधान के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान किया आभार प्रदर्षन डॉ. रागिनी सिंह जी द्वारा किया गया । 26 जनवरी पर गणतंत्र दिवस के साथ बंसत पंचमी दोनो शुभ अवसर होने पर मॉ सरस्वती पूजन कार्यक्रम भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । छात्रों द्वारा मॉ सरस्वती जी की सामूहिक रूप से वंदना प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम में राकेष गुप्ता, संगीता जाटव, गायत्री मंद्राह,.पवन दाहिया, विधि जैन, मनोज प्यासी, लखन साकेत, स्मृति मौर्य, शैलेन्द्र बड़गैया, मनीषा सिंह चंदेल, नेहा श्रीवास्तव, सारिका साहू नीतू बर्मन, आदि समस्त स्टाफ एवं बी.एड.डी.एड., बी.एड. स्पेशल , डी.एड. स्पेशल एंव बारडोली पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

शह- मात का खेल, भाजपा में शामिल बहोरीबंद जनपद अध्यक्ष

कटनी, यशभारत। जैसे जैसे विधानसभा चुनाव को वक्त नजदीक आ रहा है वैसे वैसे कटनी में राजनीतिक दलों के बीच शह मात का खेल शुरू हो गया है। वैसे तो कटनी में सभी जनपदों में भाजपा ने जीत का दावा किया था लेकिन बहोरीबंद को लेकर वह हमेशा पशोपेश में रही। कांग्रेस इसे अपना अध्यक्ष बताती रही। पर अब यह क्लियर हो गया कि भले ही पहले भाजपा फिर कांग्रेस के बाद अब फिर से बहोरीबंद जनपद अध्यक्ष भाजपा के हैं। मतलब अब कटनी की सभी जनपदों में भाजपा का परचम है। कटनी जिले की जनपद पंचायत बहोरीबंद के अध्यक्ष लालकमल बंसल ने घर वापसी करते हुए,सोमवार को प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली। बंसल के साथ जनपद सदस्य प्रमोद पटैल, रोहित सिंह ठाकुर, उत्तम सिंह लोधी और महेन्द्र हल्दकार भी भाजपा में शामिल हुए। इस अवसर पर बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडेय, मुड़वारा विधायक संदीप जयसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, जिला महामंत्री राजेश चौधरी, हरिभगत सिंह पड़वार, चन्द्रभान सिंह पटेल, अजीत महोबिया गजेन्द्र मालगुजार उपस्थित रहे। सभी ने सीएम शिवराज सिंह चौहान और वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा से भी मुलाकात की।

भाजपा जिला एवं सांसद कार्यालय में ध्वजारोहण

कटनी, यशभारत। 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में परम्परा अनुसार पूरे उत्साह और आन बान शान से राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया। जिलाध्यक्ष श्री दीपक सोनी टण्डन ने ध्वजारोहण उपरांत राष्ट्रगान तथा तिरंगे को सलामी दी। भारत माता की जय वंदे मातरम के उद्घोष से गुंजायमान जिला कार्यालय परिसर में इस शुभ अवसर पर जिलाध्यक्ष सोनी ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे संविधान की रक्षा के साथ संवैधानिक दायित्व का निर्वहन ही गणतंत्र दिवस पर सभी के लिए सही मायने में राष्ट्र के प्रति समर्पण है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती अलका जैन, रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, शशांक श्रीवास्तव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, आशा कोहली, गीता गुप्ता, भावना सिंह, किरण जैन, सीमा जैन, शाहीन सिद्दकी, शमीम बानो, शकुंतला सोनी, रचना गुप्ता, शिल्पी सोनी, उषा पांडेय, संगीता जायसवाल, अनुपमा सिंह, मनीषा प्यासी, संतोष शुक्ला, रणवीर कर्ण, अम्बरीष वर्मा, यज्ञदत्त मिश्रा, राजेन्द्र सोंधिया, कैलाश जैन, सन्तोष जायसवाल, मनीष दुबे, डॉ अशोक चौदहा, सचिन तिवारी, वीरेंद्र मिश्रा, जयनारायण निषाद, महमूद खान, छेदी लाल पांडेय, दीपक तिवारी, स्वप्निल पुरवार, गोविंद चावला, इमरान फरीदी, शांतनु दत्ता, अमित गुप्ता, संजू मिश्रा, विजय पटेल, पारस जैन, अविनाश गुप्ता आदि भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे ।

सांसद सुविधा केन्द्र में शान से लहराया राष्ट्रध्वज

74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पीडब्ल्यूडी कॉलोनी स्थित भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा के कार्यालय सांसद सुविधा केंद्र में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने ध्वजारोहण किया एवं गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, सुरेश सोनी, सांसद निज सहायक विकास द्विवेदी, पूर्व महापौर श्रीमती आशा कोहली, सुश्री शमीम बानो, सुश्री संगीता जायसवाल, श्रीमती मनीषा प्यासी, डॉ अशोक चौदहा, रणवीर कर्ण, ललित जायसवाल, अभिषेक ताम्रकार, नवीन मोटवानी, स्वप्निल पुरवार, अक्षय श्रीवास्तव, रेशु टुडहा, करण रैदास, धर्मेंद्र गर्ग, विनय सोंधिया आदि उपस्थित रहे।

सामुदायिक भवन में पार्षद ने किया ध्वजारोहण

कटनी, यशभारत। राजीव गांधी वार्ड क्रमांक 14 अशोक कॉलोनी समुदायिक भवन सुखसागर अपार्टमेंट के बाजू से प्रातः 8.30 बजे ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया जिसमे वार्ड पार्षद श्रीमती प्रेमवती रजक, इंजीनियर जेपी बघेल सिंह, विजय डब्बू रजक, शिब्बू परोहा, राहुल कछवाहा, प्रियंक मालवीय, भरत नामदेव, सोनू शर्मा, रवि शर्मा, मनोज दुबे, सीमा मालवीय, सरस्वती देवी कछवाहा ,आदि शामिल रहे ।

सानिया मिर्जा...6 ग्रैंड स्लैम 205 करोड़ नेटवर्थ

4 क्रिकेट कप्तानों की रिश्तेदार, दुबई में घर; महंगी कारों का कलेक्शन भी

हैदराबाद, एजेंसी। भारत की टेनिस क्वीन सानिया मिर्जा ऑस्ट्रेलियन ओपन 2023 में मिक्स्ड डबल्स का फाइनल हार गईं। टेनिस करियर में यह उनका आखिरी ग्रैंड स्लैम मैच था। मुकाबले के बाद फेयरवेल स्पीच में उनके आंसू छलक पड़े। उन्होंने कहा, च्ग्रैंड स्लैम करियर खत्म करने के लिए मेलबर्न से बेहतर कुछ नहीं। मुझे कोर्ट पर घर जैसा अहसास कराने के लिए सभी का धन्यवाद।ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में सानिया का सफर थम गया है। कुछ दिनों बाद वे अपना आखिरी प्रोफेशनल मैच भी खेलेंगी।

फरवरी में खेलेंगी आखिरी मुकाबला

36 साल की सानिया मिर्जा ने 2003 में प्रोफेशनल टेनिस करियर की शुरुआत की। 27 जनवरी 2023 को करियर का आखिरी ग्रैंड स्लैम खेला। सानिया ने एक इंटरव्यू में बताया था कि 19 फरवरी से शुरू होने वाला ङ्ख्रञ्ज 1000 इवेंट उनके प्रोफेशनल टेनिस करियर का आखिरी टूर्नामेंट होगा। इसके बाद वह संन्यास ले लेंगी।

शुरुआत रिजेक्शन के साथ हुई थी

सानिया ने सबसे पहले 6 साल की उम्र में टेनिस खेलने की इच्छा जताई थी। तब उनकी मां उन्हें हैदराबाद की एक टेनिस एकेडमी में एडमिशन कराने ले गईं। वहां के कोच ने उन्हें एडमिशन देने से मना कर दिया। कोच बोले, इसका साइज तो टेनिस रैकेट से भी छोटा है। ये क्या टेनिस खेलेगी। मां के अधिक अनुरोध करने पर उन्होंने सानिया को दाखिला दे दिया। कुछ ही दिनों में वही कोच सानिया के घर गए और उनकी मां को कहा इतनी कम उम्र में किसी को इतना अच्छा खेलते हुए नहीं देखा।

मुंबई में पैदा हुईं, हैदराबाद में टेनिस सीखा

15 नवंबर 1986 को मुंबई में सानिया का जन्म हुआ। जन्म के कुछ सालों बाद ही उनका परिवार हैदराबाद शिफ्ट हो गया। जहां वह अपनी छोटी बहन अनम के साथ बड़ी हुईं। यहीं उन्होंने टेनिस खेलना सीखा और अपनी स्किल्स इम्प्रूव कीं। हैदराबाद के नासर स्कूल में स्कूली शिक्षा के बाद सेंट मैरी कॉलेज से उन्होंने ग्रेजुएशन किया।

पिता खेल पत्रकार, बहन अजहरुद्दीन की बहू

सानिया मिर्जा के परिवार का खेल से पुराना नाता रहा। उनके पिता इमरान मिर्जा खेल पत्रकार थे। सानिया के मेंटर होने के साथ वह करीब 20 साल तक उनके कोच भी रहे। बहन अनम पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरूद्दीन की बहू हैं। उन्होंने दिसंबर 2019 में मोहम्मद असदुद्दीन से शादी की थी।सानिया की दादी भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान गुलाम अहमद की मौसी थीं। गुलाम की बहन के बेटे आसिफ इकबाल भी एक समय पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान रहे थे। सानिया ने पाकिस्तानी टीम के एक अन्य कप्तान शोएब मलिक से शादी की। इस तरह सानिया कुल चार इंटरनेशनल क्रिकेट कप्तानों की रिश्तेदार हैं।

दुबई में हैं सानिया का बंग्लो

दुबई के पाम जुमेराह स्थित च्द आइलैंड बंग्लॉज में सानिया मिर्जा अपने पति शोएब मलिक और बेटे इजहान के साथ रहती हैं। पाम जुमेराह में उद्योगपति मुकेश अंबानी, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान जैसी हस्तियों के भी बंगले हैं। हैदराबाद की फिल्म सिटी में भी सानिया का आलीशान घर है।

58.65 करोड़ प्राइज मनी से कमाए

सानिया मिर्जा ने टेनिस करियर के दौरान करीब 58.65 करोड़ रुपए प्राइज मनी से कमाए। प्राइज मनी यानी किसी टेनिस टूर्नामेंट में जीती इनामी राशि। कई बड़ी कंपनियों ने भी उन्हें अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया। ओवरऑल उनकी नेटवर्थ करीब 205 करोड़ रुपए है। टेनिस करियर के दौरान सानिया एयर इंडिया, टाटा टी, एडिडास, हैथवे केबल, टीवीएस स्कूटी और विल्सन जैसे टॉप ब्रांड्स को प्रोमोट कर चुकी हैं।

कमाल का कार कलेक्शन

लग्जरी लाइफ जीने के साथ सानिया को लग्जरी कार का भी शौक है। उनके पास बीएमडब्ल्यू 7-सीरीज, जगुआर ङ्क्षश्व, मर्सिडिज बेंज-क्लास, बीएमडब्ल्यू 5-सीरीज, रेंज रोवर इवोक भी हैं। हैदराबाद के मुर्तुजागुड में सानिया मिर्जा टेनिस एकेडमी भी है, जिसे उन्होंने 2013 में शुरू किया था। दुबई में भी उन्होंने अपनी एकेडमी की ब्रांच खोल दी है।

करियर में 43 ट्रॉफी जीतीं

जूनियर लेवल पर उन्होंने 10 सिंगल्स और 13 डबल्स टाइटल जीते। 2001 में सीनियर लेवल पर डेब्यू करने के बाद 2003 में उन्होंने अपना प्रोफेशनल टेनिस करियर शुरू किया। 16 साल की उम्र से प्रोफेशनल टेनिस करियर शुरू करने के बाद सानिया ने सिंगल्स, विमेंस डबल्स और मिक्स्ड डबल्स में 20 साल तक टेनिस खेला। इनमें 6 ग्रैंड स्लैम के अलावा उन्होंने कुल 43 ट्रॉफी जीतीं। 2005 में उन्होंने पहली बार ङ्ख्रञ्ज सिंगल्स का टाइटल जीता था। इसके अलावा वह 2 बार फ्रेंच ओपन और 3 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के करीब पहुंची थीं। लेकिन, फाइनल हारकर वह खिताब नहीं जीत सकीं।

2022 में विंबलडन सेमीफाइनल भी खेला

करियर के आखिरी दौर में सानिया मिर्जा 2 ग्रैंड स्लैम जीतने के करीब पहुंचीं। लेकिन, एक भी जीत नहीं सकीं। पिछले साल विंबलडन में मेट पैविक के साथ मिक्स्ड डबल का सेमीफाइनल खेला। वहीं, अब ऑस्ट्रेलियन ओपन के भी मिक्स्ड डबल इवेंट में खिताब जीतने के करीब पहुंचीं। लेकिन, ब्राजील की जोड़ी से हार गईं।

2013 में आखिरी सिंगल्स खेला

सानिया मिर्जा ने विमेंस सिंगल्स से 2004 में प्रोफेशनल टेनिस करियर शुरू किया था। डबल्स में ज्यादा सफलता और रिस्ट इंजरी के चलते 2013 में उन्होंने सिंगल्स खेलना बंद कर दिया। उन्होंने करियर के आखिरी 10 सालों में विमेंस और मिक्स्ड डबल्स खेलने पर ही फोकस किया।

सुंदर ने पकड़ा फ्लाइंग कैच, ईशान का रॉकेट थ्रो, कन्फ्यूजन में कॉन्वे ने कैच छोड़ा

रांची, एजेंसी। धोनी के शहर रांची में भारत का अजेय रिकॉर्ड टूट गया। टीम इंडिया को टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड ने 21 रनों से हराया। शुक्रवार शाम को उतार-चढ़ाव भरे इस मुकाबले में कई रोचक मोमेंट देखने को मिले। वॉशिंगटन सुंदर के सुपर कैच के साथ-साथ ईशान किशन का डायरेक्ट थ्रो हमें लंबे समय तक याद रहने वाले हैं। वहीं, अर्शदीप सिंह ने एक ऐसा ओवर किया जिसे वे खुद जल्द से जल्द भूलना चाहेंगे।

धोनी पवेलियन में पहुंचे धोनी

धोनी पत्नी साक्षीके साथ मैच देखने पहुंचे। वे अपने ही नाम पर रखे गए पवेलियन के VIP लाउंज में बैठे थे।

वाशिंगटन का अति सुंदर कैच

टॉस गंवाकर बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड टीम ने 4 ओवर में 37 रन बना लिए थे। ऐसे में कप्तान पंड्या ने वाशिंगटन सुंदर को गेंद थमाई। बैटर फिन एलेन ने ओवर की पहली ही बॉल पर छक्का जड़ दिया। हालांकि, सुंदर ने अगली ही गेंद पर हिसाब बराबर कर दिया। उन्होंने एलेन को डीप मिडविकेट पर खड़े सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच कराकर चलता कर दिया। इस ओवर का रोमांच यही समाप्त नहीं हुआ। ओवर की आखिरी बॉल पर सुंदर ने मार्क चैपमैन को शून्य के स्कोर पर चलता कर दिया। सुंदर की स्लोअर बॉल को लेफ्ट हैंड बल्लेबाज चैपमैन पुश करना चाहते थे। लेकिन शॉट संभाल नहीं सके और गेंद सामने की ओर हवा में चली गई। सुंदर ने दायीं ओर छलांग लगाते हुए एक हाथ से कैच लपक लिया। चैपमैन बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए।

ईशान का डायरेक्ट थ्रो पर रन आउट

18वें ओवर अर्शदीप सिंह डाल रहे थे। ओवर की 5वीं बॉल डेरिल मिचेल के पैड से लगकर शॉर्ट लेग की दिशा में गई। दूसरी छोर पर खड़े माइकल ब्रेसवेल एक रन चुराने की कोशिश में दौड़ पड़े। इस बीच विकेटकीपरिंग कर रहे ईशान किशन ने पीछे भागते हुए बॉल पकड़ी और शॉर्ट लेग से स्टंप पर कमाल का डायरेक्ट थ्रो मार दिया। ब्रेसवेल रन आउट हो गए।

अर्शदीप के एक ओवर में लगातार 3 छक्के

पारी का आखिरी ओवर फेंकने की जिम्मेदारी अर्शदीप को मिली। मिचेल ने पहली गेंद पर छक्का जमा दिया। यह नो बॉल थी। मिचेल ने अर्शदीप दूसरी और तीसरी बॉल पर भी छक्के जमाए। वे यहीं नहीं रुके ओवर की चौथी बॉल पर एक चौका भी ज?ा। इस ओवर से 27 रन आए और न्यूजीलैंड का स्कोर 176 रन पहुंच गया। इसी ओवर ने मैच में अंतर पैदा कर दिया। एक समय लग रहा था कि कीवी टीम 150-155 रन ही बना सकेगी।

ब्रेसवेल ने रन आउट का हिसाब बोल्ड कर चुकाया

भारतीय पारी के दूसरे ही ओवर में माइकल ब्रेसवेल ने ईशान किशन से अपना हिसाब बराबर कर दिया। किशन ने उन्हें रन आउट किया था। ब्रेसवेल ने किशन को बोल्ड किया। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज महज 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

पहले आप...पहले आप के चक्कर में टपकाया कैच

14वें ओवर की 5वीं बॉल पर ड्वेन कॉन्वे और ईश सोढ़ी ने पहले आप...पहले आप के कन्फ्यूजन में सुंदर का कैच टपका दिया। सुंदर इस बॉल को पुल करना चाहते थे, लेकिन बॉल बल्ले का टॉप एज लेकर फाइन लेग के ऊपर ख?ी हो गई। ऐसे में विकेटकीपर कॉन्वे कैच पक?ने के लिए पीछे की ओर दौड़े। दूसरी ओर से ईश सोढी भी बॉल की ओर आए। ऐसा लगा कि कॉन्वे अटैम्प्ट करेंगे, लेकिन सोढ़ी आगे बढ़ गए। दोनों के कन्फ्यूजन में बॉल जमीन पर गिर गई। इस बीच सुंदर ने दो रन चुरा लिया। अगले ही ओवर की दूसरी बॉल पर मार्क चैपमैन ने लॉन्ग ऑफ पर दीपक हुड्डा का कैच छोड़ा। इतना ही नहीं, आखिरी ओवर में ईश साढ़ी ने मिड ऑफ में सुंदर का कैच छोड़ा।

फर्ग्युसन की बाउंसर पर लड़खड़ाए सुंदर

भारतीय पारी के 20वें ओवर में तेज गेंदबाज लोकी फर्ग्युसन ने वाशिंगटन सुंदर को करारी बाउंसर मारी। जिससे सुंदर लड़खड़ा गए। गनीमत की बात है कि उन्हें कोई चोट नहीं लगी। अगली ही बॉल पर सुंदर ने अपना पहला टी-20 अर्धशतक पूरा किया। वे टीम इंडिया को जीत नहीं दिला सके लेकिन बैटिंग, बॉलिंग और फील्डिंग तीनों में शानदार प्रदर्शन कर उन्होंने फैंस का दिल जरूर जीता।

मुझे घर में कैद किया गया, खाना-पानी भी बंद है

नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पत्नी का गंभीर आरोप, बोलीं- किचन में घुसने तक नहीं दिया जा रहा

मुंबई, ईएमएस। नवाजुद्दीन सिद्दीकी की मां मेहरुनिसा सिद्दीकी ने हाल ही में अपनी बहू और नवाज की पत्नी आलिया के खिलाफ स्नढ्ढक्रदर्ज कराई थी। अब इस पूरे मामले पर आलिया का रिएक्शन आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आलिया ने कहा है कि उन्हें अपने घर में उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। उनका खाना-पानी बंद कर दिया गया है। यहां तक कि किचन में जाने की मनाही है। आलिया का कहना है कि उन्हें सोफे पर सोना पड़ रहा है। आलिया के मुताबिक, उन्होंने अभी पुलिस से इस मामले में शिकायत नहीं दर्ज कराई है लेकिन अपने वकील को जरूर इसके संबंध में सूचित कर दिया है।

मुझे कैद करके रखा गया

एक अंग्रेजी दैनिक की रिपोर्ट के मुताबिक, आलिया ने कहा, मुझे घर में कैद करके रखा गया है। घर के बाहर



निकलने पर मनाही है। किचन में भी नहीं जाने दिया जा रहा है। मेरे दोस्त जो खाना भेजते हैं उन्हें अंदर नहीं आने दिया जाता। यहां तक कि गेट पर भी नहीं जा सकती क्योंकि मुझे काफी डर लगता है। मुझे लिविंग रूम में सोफे पर सोना पड़ता है।

मेरे पास सिर्फ एक ही घर है

आलिया अपने बच्चों के साथ दुबई में रहती थी लेकिन उन्हें पॉसपोर्ट संबंधी दिक्कतों की वजह से देश लौटना पड़ा, लेकिन घर आने के बाद उनकी सास ने उनके ऊपर स्नढ्ढक्रदर्ज करा दी। उन्होंने आगे कहा, मैं नवाज को 10 साल से जानती हूं, वो जब पॉपुलर स्टार नहीं थे, हमारी शादी तभी हो गई थी इसलिए मुझे जानना है कि उनकी पत्नी के रूप में मैं उनके घर क्यों नहीं रह सकती। मैं अब खुद को फंसा हुआ समझ रही हूं। मेरे पास कोई और घर नहीं है जहां मैं जाकर रह सकूं, लेकिन जो मेरा हक है उसे मैं छोड़ भी नहीं सकती।

भारत-इंग्लैंड में होगा ICC अंडर-19 वर्ल्ड कप का फाइनल

दूसरे सेमीफाइनल में 3 रन से हारा ऑस्ट्रेलिया; न्यूजीलैंड से जीती थी टीम इंडिया

पोचेस्ट्रूम ,एजेंसी। भारत और इंग्लैंड के बीच ढ्ढष्टष्ट अंडर-19 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इंग्लैंड ने रोमांचक सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 3 रन से हारकर फाइनल में प्रवेश किया। जबकि टीम इंडिया दिन के पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराकर फाइनल में पहुंची थी। पोचेस्ट्रूम में शाम 5=15 बजे इंग्लैंड विमेंस टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग की। टीम 19.5 ओवर में 99 रन पर ऑल आउट हो गई। एलेक्सा स्टोनहाउस ने सबसे ज्यादा 25 और कप्तान ग्रेस स्क्रीवंस ने 20 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए मैगी क्लार्क, एला हैवर्ड और सियाना जिंजर ने 3-3 विकेट लिए। 100 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने 4 रन पर ही 2 विकेट गंवा दिए। 59 रन तक टीम के 7 विकेट चले गए। तभी एमी स्मिथ (26) पारी को अंतिम ओवरों तक ले गईं। लेकिन, 77 के टीम स्कोर पर वह भी आउट हो गईं। आखिरी 17 बॉल पर टीम को 4 रन की जरूरत थी। उनके पास 2 विकेट थे।

लेकिन, 96 के टीम स्कोर पर ही दोनों विकेट गिर गए और टीम 3 रन से हार गई। पोचेस्ट्रूम में शुक्रवार को पहले सेमीफाइनल में भारत ने टॉस जीता और गेंदबाजी करने का फैसला लिया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 107 रन बनाए। निताशा 3 रन बनाकर नाबाद लौटीं। इससे पहले जॉर्जिया प्लिमर ने 35 और इसाबेला जार्ज 26 रन बनाकर आउट हुईं।भारत के लिए पार्शवी चोपड़ा ने 3 विकेट लिए। भारतीय टीम ने 108 रनों का टारगेट 14.2 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। श्वेता (61 रन) ने मैच जिताऊ पारी खेली। उनके अलावा सौम्या तिवारी ने 22 और कप्तान शेफाली वर्मा ने 10 रन का योगदान दिया।

श्वेता ने हाफ सेंचुरी जमाई, टॉप स्कोरर भी बनीं

भारतीय टीम की ओर से श्वेता सेहरावत (61 रन) ने हाफ सेंचुरी जमाई। इस पारी के साथ ही श्वेता टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर बन गई हैं। उनके बल्ले से अब तक तीन अर्धशतक समेत 292 रन आए हैं। इंग्लैंड की ग्रेस स्क्रिवेंस 269 रन बनाकर दूसरे नंबर पर हैं। ग्रेस के पास दूसरे सेमीफाइनल में श्वेता से आगे निकले का मौका है।

सलमान की फिल्म का टीजर लीक, बड़े पर्दे पर साथ आए भाईजान और किंग खान

मुंबई, ईएमएस। शाहरुख खान के लिए आज बेहद खुशी का दिन है। आज सिनेमाघरों में उनकी फिल्म पठान रिलीज हो गई है। एक तरफ जहां इस फिल्म को फैंस का खूब प्यार मिल रहा है तो वहीं दूसरी तरफ इस फिल्म का जमकर विरोध भी हो रहा है। वहीं दूसरी ओर आज सलमान खान के लिए भी काफी खुशी का दिन है। एक तरफ जहां पठान रिलीज हुई है, वहीं दूसरी तरफ सलमान खान की किसी का भाई किसी की जान का टीजर भी रिलीज हो गया है। बता दें 24 जनवरी को सलमान खान ने खुद फिल्म का पोस्टर साझा करके फैंस को इस बात की जानकारी दी थी।सलमान और शाहरुख के बॉन्ड से दुनिया वाकिफ है। भले ही कुछ साल पहले दोनों की कथित दुश्मनी थी, लेकिन फिलहाल दोनों काफी अच्छे दोस्त हैं। यही वजह है कि बॉलीवुड के भाईजान और किंग खान एकसाथ पर्दे पर नजर आए हैं। पठान के साथ किसी का भाई किसी की जान का टीजर रिलीज कर दिया गया है। इस टीजर में दबंग खान का अलग अंदाज नजर आया है। टीजर में सलमान को जबरदस्त एक्शन करते हुए देखा जा सकता है।

हालांकि, इससे पहले भी भाईजान दबंग खान कई फिल्मों में एक्शन करते देखे गए हैं, लेकिन किसी का भाई किसी की जान में वह पूजा हेगड़े संग रोमांस के साथ शहनाज गिल के साथ भी नजर आने वाले हैं। टीजर में सलमान का दमदार एक्शन और पावरफुल फरफॉर्मेंस देखने के बाद आप उनपर से नजरें नहीं हटा पाएंगे। टीजर में सलमान के साथ शहनाज गिल भी दमदार अवतार में नजर आई हैं। शहनाज को फिल्म में देखकर फैंस काफी खुश हो रहे हैं। शहनाज के साथ फिल्म के टीजर में राघव जुयाल, पलक तिवारी और जस्सी गिल भी नजर आ रहे हैं।

मलाइका अरोड़ा ने कराया ग्लैमरस फोटोशूटब्लू ड्रेस में दिए बेहतरीन पोज, सोशल मीडिया पर शेयर किया वीडियो

मुंबई, ईएमएस। 49 साल की मलाइका अरोड़ा एक स्टाइल आइकॉन हैं। फैंस अक्सर उनके लुक्स की तारीफ करते हैं। अब हाल ही में मलाइका ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह ग्लैमरस फोटोशूट कराती हुई दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो में एक्ट्रेस रॉयल ब्लू कलर की हाई-थाई स्लिट ड्रेस पहने हुए कैमरे के सामने जबरदस्त पोज दे रही हैं। वीडियो में सनसेट का बैकग्राउंड और मलाइका की खूबसूरती का लाजवाब कॉम्बिनेशन देखने को मिला। इस लुक को उन्होंने ऑक्सिडाइज्ड नेकलेस के साथ कंप्लीट किया है। वीडियो में मलाइका एक से बढ़कर एक पोज और कमाल के एक्सप्रेशंस दे रही हैं। इस वीडियो के सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैंस मलाइका की जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, च्फेवरेटज्तो वहीं दूसरे ने लिखा, च्बहुत सुंदरज ऐसे ही तमाम यूजर्स मलाइका के इस वीडियो पर जमकर लाइक्स और कमेंट कर रहे हैं।

मलाइका ने एक्स हस्बैंड अरबाज को लगाया गले

मलाइका अरोड़ा का उनके पति अरबाज खान से तलाक हो चुका है। अलग होने के बाद भी कपल को उनके बेटे के साथ अक्सर स्पॉट किया जाता है। इसी बीच हाल ही में मलाइका, अरबाज के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुई, जिसका एक वीडियो सामने आया था। इस वीडियो में दोनों अपने बेटे अरहान खान को एयरपोर्ट छोड़ने पहुंचे थे। इस दौरान बेटे से अलग होते हुए मलाइका काफी इमोशनल भी होती नजर आईं थीं। वहीं, बेटे को छोड़ने के बाद दोनों एक दूसरे को गले लगाते हैं और फिर अपनी-अपनी कार में बैठकर निकल जाते हैं।

उर्फी के कमेंट पर चाहत खन्ना ने जाहिर की नाराजगी बोलीं- निजी जिंदगी पर कमेंट की क्या जरूरत

मुंबई, ईएमएस। चर्चित टीवी अभिनेत्री चाहत खन्ना और उर्फी जावेद के बीच कुछ वक्त पहले जमकर झगड़ा हुआ था। दरअसल, चाहत खन्ना ने उर्फी के बोल्ड लुक्स पर कमेंट किया था। इसके बाद उर्फी ने चाहत की निजी जिंदगी पर कमेंट किया। उन्होंने चाहत खन्ना की दो टूटी शादियों पर कटाक्ष किया था। हाल ही में इस बारे में चाहत खन्ना ने चुप्पी तोड़ी है। चाहत का कहना है कि अपनी पर्सनल लाइफ पर उर्फी की टिप्पणी से वह बेहद आहत हुई हैं। इसके अलावा उन्होंने और भी कई बातें कहीं। चाहत खन्ना ने एक मीडिया संस्थान के साथ हुई बातचीत के दौरान उर्फी जावेद के कमेंट्स पर नाराजगी जाहिर की है। चाहत ने कहा, च्मैं यहां विक्टिम कार्ड या फिर सिंगल मदर कार्ड प्ले करने नहीं आई, बस इसे नॉर्मल करना चाहती हूं।ज चाहत ने ये भी कहा कि जब उन्होंने उर्फी के कपड़ों पर कमेंट किया तो उन्हें उनकी पर्सनल लाइफ पर कमेंट करने की क्या जरूरत थी। चाहत खन्ना ने आगे

कहा, च्जब कुछ और बोलने के लिए नहीं होगा तो आप दूसरों की पर्सनल लाइफ में झांकोगे। कुछ तो बोलना है ना। मैं वह नहीं हूं जो अंडरवियर पहनती है और स्पॉट होने के लिए गलियों में टहल रही है। हां, मेरी पर्सनल लाइफ में समस्याएं हैं, लेकिन मैंने ये जानबूझकर नहीं किया है। मैं तलाक के बाद तलाक इसलिए नहीं ले रही हूं कि इसमें मुझे मजा आता है या ये मुझे पसंद है। स्पॉटिंग के लिए जी-स्ट्रिंग पहनना चॉइस है, जिसे आप पसंद करते हैं। यह बहुत अलग बात है।ज बता दें कि चाहत ने दो शादियां की हैं। उनकी पहली शादी महज 7 महीने तक चली थी। दूसरी शादी उन्होंने फरहान मिर्जा से 2013 में की थी, लेकिन 2018 में उनका तलाक हो गया था। दूसरे पति से चाहत को दो बेटियां हैं। चाहत अकेले ही अपनी बेटियों की परवरिश कर रही हैं।हाल ही में बातचीत के दौरान चाहत ने यह भी कहा कि उन्हें सिंगल मदर होने की वजह से इंडस्ट्री में काम नहीं मिल रहा है। चाहत ने कहा कि वह ट्रोलर्स से परेशान हो जाती हैं। उन्होंने कहा, च्मुझे याद है कि मैंने उस समय कमेंट्स करना बंद कर दिया था, क्योंकि मुझे बहुत बुरी तरह ट्रोल किया जा रहा था। इससे काफी परेशानी होती है।ज चाहत ने आगे कहा, कि च्सिंगल मदर होने के चलते काम ढूंढना मुश्किल हो रहा है। जब लोग मेंशन करते हैं कि अगर ये सिचुएशन नहीं होती तो चीजें अलग होती। हर समय यह एक चैलेंज की तरह होता है। ज्यादातर समय आपको रियल होने के लिए डाउन फील कराया जाता है। शायद इसी वजह से लोग अपने मैरिटल स्टेटस को छुपाते हैं।

खेरमाई मंदिर में युवक ने लगाई फांसी

बरही के करेला में घटना से सनसनी

कटनी, यशभारत। बरही थाना अंतर्गत ग्राम करेला स्थित खेरमाई मंदिर में एक 31 वर्षीय युवक के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। मंदिर परिसर में युवक का शव फंदे पर लटकता देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम खितौली निवासी 31 वर्षीय ननकू उर्फ मुकेश पिता सुखदेव बसोर के द्वारा ग्राम करेला स्थित खेरमाई मंदिर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। शाम को मंदिर पहुंचे ग्रामीणों ने ननकू का शव मंदिर के अंदर फंदे पर झूलता देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को फंदे से उतरवाया और पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां शवपरीक्षण के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। हालांकि आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

ट्रकों में भरे सामान का परीक्षण, बिल्टी व बिल देख रही टीम

जीएसटी चोरी के संदेह में जारी रही ट्रकों की जांच

मादक पदार्थ का भी संदेह, दिल्ली से शहडोल व अंबिकापुर जा रहे ट्रकों को किया गया था जप्त

कटनी, यशभारत। दिल्ली से शहडोल व अंबिकापुर दो ट्रकों में बिना बिल बिल्टी का माल होने के संदेह पर जीएसटी टीम की जांच आज तीसरे दिन भी जारी रही। दोनों ट्रकों को कुठला थाने में खड़ा कराकर एक माल की जांच की जा रही है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि दोनों ट्रकों में लोड माल कितने रूपए की जीएसटी चोरी की जा रही थी। गौरतलब है कि जीएसटी टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि दो ट्रकों में बिना पक्के बिल-बिल्टी के परचून सहित इलेक्ट्रिक सामग्री के बीच शराब व मादक पदार्थ ले जाया जा रहा है। सूचना पर राज्य कर अधिकारी संजय गौटिया के नेतृत्व में निरीक्षक विवेक सिंह, अमरपाल सिंह व जॉनी जैकब के साथ टीम शहडोल बायपास के पास

पहुंची। गुरुवार दोपहर ट्रक क्रमांक एच.आर.55एफ-4812 को रोककर जांच की। चालक मुस्ताक खान हरियाणा से पूछताछ की तो उसने बताया कि दिल्ली से शहडोल माल लेकर जा रहा है। वह यह माल दिल्ली-यूपी-एमपी ट्रांसपोर्ट से लेकर आया है। संतोषजनक बिल-बिल्टी न मिलने पर ट्रक को जीएसटी चोरी सहित अवैध सामग्री परिवहन की आशंका होने पर कुठला थाने में खड़ा कराया गया। इसके अलावा ट्रक क्रमांक आर.जे.जीसी-2456 को रोककर जांच की गई। चालक तपेंद्र सिंह परमार दौलपुर से पूछताछ की तो बताया कि इलेक्ट्रिक, फुटवेयर सहित अन्य सामग्री दिल्ली से अंबिकापुर लेकर जा रहा है। इसमें भी मादक पदार्थ आदि होने व जीएसटी चोरी का अंदेशा होने पर ट्रक को कुठला थाने में खड़ा कराया गया और दोनों ट्रकों को सीलबंद करने की कार्रवाई की गई। दूसरे दिन शुक्रवार को टीम ने कुठला थाने पहुंचकर जांच शुरू की लेकिन जांच किसी नतीजे तक नहीं पहुंच पाई है। वहीं आज तीसरे दिन फिर टीम के द्वारा बिल-बिल्टी के अनुसार लोड माल का मिलान कराया जा रहा है। जिससे स्पष्ट हो पाएगा कि जीएसटी चोरी है या नहीं। जीएसटी टीम ने धारा 68 के तहत चलित वाहनों की जांच शुरू की है।

बाइक से गांजा की तस्करी करते दो गिरफ्तार

45 हजार रूपए कीमती 4 किलो गांजा बरामद

कटनी, यशभारत। ढीमरखेड़ा पुलिस ने देवरी पुलिया के पास मोटर सायकल से प्रतिबंधित गांजा की तस्करी कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 45 हजार रूपए कीमती 3 किलो गांजा जप्त किया गया है। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि देवरी पुलिया के पास से दो युवक मोटर सायकल से गांजा लेकर जा रहे हैं। जिसके बाद वहां पुलिस ने नाकेबंदी की और मौके पर बाइक सवार दो युवकों को रोककर जांच की गई। बताया जाता है कि तलाशी के दौरान युवकों के पास से 45 हजार रूपए कीमती 4 किलो गांजा बरामद किया गया। आरोपियों में कुदरा गांव निवासी भान पिता लाल सिंह और अनूपपुर के पिपरहा गांव निवासी भोला पिता अशोक सिंह शामिल हैं। दोनों युवकों के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

शहर कोतवाल सम्मानित

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले थाना प्रभारियों को कलेक्टर अवि प्रसाद व पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के द्वारा सम्मानित किया गया। शहर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह को शील्ड व प्रशस्ति पत्र प्रदान करते पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन।

दो ट्रिप मुड़वारा स्टेशन होकर चलेगी अजमेर उर्स स्पेशल ट्रेन

यात्री दबाव नियंत्रित करने रेलवे का निर्णय

कटनी, यशभारत। राजस्थान के अजमेर में आयोजित 811वें उर्स मेले के दौरान इस रूट की ट्रेनों में होने वाली यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखकर रेलवे ने उर्स स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 01707/01708 जबलपुर-दौराई-जबलपुर के बीच कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर दो-दो ट्रिप उर्स स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। उर्स स्पेशल ट्रेन में रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से आरक्षण की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 01707 जबलपुर से दौराई उर्स स्पेशल ट्रेन आज 28 एवं 30 जनवरी को जबलपुर स्टेशन से 09:10 बजे प्रस्थान कर कटनी मुड़वारा 10:33 बजे, दमोह 12:00 बजे, सागर 13:05 बजे, बीना मालखेड़ी 14:03 बजे, गुना 18:35 बजे, रूठियाई19:18 बजे, सोगरिया 22:00 बजे, सवाई माधोपुर 23:35 बजे पहुंचकर अगले दिन जयपुर 02:15 बजे, किशनगढ़ 03:43 बजे, अजमेर 04:40 बजे और 05:30 बजे दौराई स्टेशन पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01708 दौराई से जबलपुर उर्स स्पेशल ट्रेन 29 एवं 31 जनवरी को दौराई स्टेशन से 11:45 बजे प्रस्थान कर अजमेर 12:00 बजे, किशनगढ़ 12:43 बजे, जयपुर 14:55 बजे, सवाई माधोपुर 17:50 बजे, सोगरिया

19:35 बजे, रुठियाई 22:33 बजे, गुना 23:05 बजे पहुंचकर अगले दिन बीना मालखेड़ी 01:28 बजे, सागर 02:25 बजे, दमोह 03:35 बजे, कटनी मुड़वारा 06:15 बजे और 8:50 बजे जबलपुर स्टेशन पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना मालखेड़ी, गुना, रूठियाई, सोगरिया, सवाई माधोपुर, जयपुर, किशनगढ़ एवं अजमेर स्टेशनों पर ठहराव लेगी।

इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 07 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 01 जनरेटर कार, 01 एसएलआर सहित कुल 22 कोच रहेंगे।

मोटर सायकलों में सीधी भिड़ंत, एक की मौत, दो गंभीर

रीठी में पंचायत भवन के सामने दुर्घटना

कटनी, यशभारत। रीठी थाना अंतर्गत पंचायत भवन के सामने दो मोटर सायकलों के बीच हुई भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई और दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों को रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद दोनों को गहन उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।

रीठी थाना प्रभारी पूजा मिश्रा ने बताया कि रीठी निवासी अब्दुल उर्फ मोंटी बाइक से शुक्रवार दोपहर कहीं जा रहा था। उसीदौरान ग्राम पंचायत भवन के सामने विपरीत दिशा से दूसरी बाइक में सवार होकर आ रहे ग्राम सिमराड़ी निवासी राजेंद्र आदिवासी व अनिल आदिवासी की भिड़ंत अब्दुल की बाइक से हो गई। दुर्घटना में दोनों बाइक में सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां जांच के करते हुए चिकित्सकों ने राजेंद्र आदिवासी को मृत घोषित कर दिया तथा मोंटी और अनिल प्रारंभिक उपचार के बाद गहन उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर कर दिया।

मामूली विवाद पर दो पक्ष ने की एक-दूसरे से जमकर मारपीट

झर्राटिकुरिया में बलवा, कई घायल

कटनी, यशभारत। रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत झर्राटिकुरिया में दुर्गा मंदिर के सामने दो पक्षों ने बलवा मचाते हुए एक-दूसरे के साथ जमकर मारपीट की। घटना में दोनों पक्षों के लोगों को चोटे आई हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर बलवा व मारपीट की धाराओं के तहत काउंटर मामला दर्ज किया है। इस संबंध में पुलिस जानकारी के अनुसार झर्राटिकुरिया में दुर्गा मंदिर के पास निवासी 42 वर्षीय अजय पिता भगवानदास पासी का पड़ोस में ही रहने वाले 34 वर्षीय अनीता पति नंदकिशोर बारी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद बढ़ा तो दोनों के परिजन बलवा मचाते हुए एक-दूसरे से भिड़ गए। मारपीट में पासी व बारी परिवार के कई सदस्य घायल भी हो गए। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया। वहीं घायलों का अस्पताल में उपचार करवाया गया। इस मामले में पुलिस ने अजय पासी की शिकायत पर सोनिया बारी, गीता बारी, अन्नू बारी, रूकमणि बारी, अरूण ठाकुर, करन बारी, मोहन बारी, नंदू बारी व शेखर बारी तथा अनीता बारी की शिकायत पर स्नेहा पासी, अज्जू पासी, ज्योति पासी, अंकित पासी, विजय पासी व पूनी ठाकुर के विरूद्ध धारा 294, 323, 324, 506, 147, 148, 149 के तहत काउंटर मामला दर्ज कर लिया है।

स्कूल से सिलेंडर व अनाज ले गए चोर

कैमोर के खलवारा बाजार में वारदात

कटनी, यशभारत। कैमोर थाना अंतर्गत खलवारा बाजार स्थित शासकीय हाईस्कूल में चोरी की वारदात प्रकाश में आई है। स्कूल का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने अंदर से गैस सिलेंडर व चार कट्टी गेहूं व एक कट्टी चावल पार कर दिया है। चोरी गए सामान व अनाज की कीमत 8 हजार 550 रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने शाला प्रभारी अलका श्रीवास्तव की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

कैल्डरीज कंपनी के सुरक्षा अधिकारी की हार्टअटैक से मौत

कटनी, यशभारत। माधवनगर थाना अंतर्गत कैल्डरीज इंडिया रिफैक्ट्री लिमिटेड में गणतंत्र दिवस परेड की तैयारी के दौरान सुरक्षा अधिकारी की गिरने के कारण मौत हो गई है। मौत की वजह हार्टअटैक आना बताया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। माधवनगर थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि 25 जनवरी को कैल्डरीज इंडिया रिफैक्ट्री लिमिटेड में परेड की तैयारी चल रही थी। परेड के दौरान कैल्डरीज इंडिया रिफैक्ट्री लिमिटेड सुरक्षा अधिकारी के 50 वर्षीय एस गोडा पिता जय देव गोडा को चक्कर आ गया। जिसके कारण सुरक्षा अधिकारी गिर पड़े। आनन-फानन में अधिकारी कर्मचारी उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

परेड के दौरान चक्कर आने के बाद अस्पताल लेकर पहुंचे थे सहकर्मी

SPECIMEN FROM CHANGE OF NAME

I hitherto known as **JAWAHAR LAL MENGHWANI** S/O AMUL MENGHWANI employed as P.No. 842854 / HCC section ordnance factory Katni (M.P.) residing at (present address) MIG - 11-232 , MANSAROWAR COLONEY , MADHAV NAGAR , KATNI PIN 483504 . Have changed by name and shall hereafter be known as **JAWAHAR LAL MEGHWANI S/O Amul Meghwani**. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection .

Signature
(in existing old name)

लकवा एवं वात रोग विशेषज्ञ
डॉ. देबनाथ
लकवा, वात रोग, गठिया, हड्डियों जोड़ों का दर्द एवं सूजन कमर दर्द, घुटना, कंधा दर्द, सायटिका अर्थराइटिस का इलाज किया जाता है।
पता- शहीद द्वार नई बस्ती, कटनी
मो. 9826154533
नोट-28 वर्षों से आपकी सेवा में उपस्थित

यशभारत हैल्पलाइन अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033

डॉ.दीपक सक्सेना डॉ.शोभना सक्सेना
SHRI HOSPITAL KATNI
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft exel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

डायबिटीज विशेषज्ञ कटनी में परामर्श हेतु उपलब्ध
डॉ. विशाल कस्तवार
एम.डी., एफ.आई.सी.पी., एफ.डी.आई., डिप्लोमा डायबिटीज
29 जनवरी 2023, रविवार
समय- सुबह 10.30 से दोपहर 2.30 बजे तक
स्थान- एडवांस सी.टी. स्कैन सेंटर
राष्ट्रीय स्कूल के पास, (डॉ. चौदहा अस्पताल के सामने), घंटाघर रोड, कटनी
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें 9644014424 9893723087 07622494511

सभी प्रकार के रेडीमेड प्रीकास्ट वॉल हमारे यहां उचित रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
बजाज इंडस्ट्रीज
पता- इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 142 कटायेघाट, कटनी
मो. 8889696888

प्लाट बिकाऊ हैं
शांतिनगर, बारह बंगला, राय कॉलोनी एवं समदड़िया सिटी के पास हर साइज के प्लाट उपलब्ध हैं।
दर- 1000/- से 1200/- प्रति वर्गफुट
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें -
मो. 9993705740

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)